दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 30 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 320 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## कोलकाता मर्डर-रेप कांड : दो सिक्योरिटी गार्ड्स का कराया गया पॉलीग्राफी टेस्ट

### घटना की रात ड्यूटी पर थे तैनात




**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर संग हुई रेप और मर्डर की घटना के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल है। ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर मामले के बाद कोलकाता में डॉक्टर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ममता बनर्जी और डॉक्टरों के बीच हुई बैठक लगातार असफल हो रही है। इस बीच बीते दिनों सीबीआई ने 6 लोगों का पॉलीग्रफ टेस्ट किया था। मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और अस्पताल के 2 ट्रेनी डॉक्टर, एक इंटर्न और एक हाउस स्टाफ का पॉलीग्राफ टेस्ट किया था। इस बीच सीबीआई ने फिर से 2 लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट किया है। दरअसल रेप और मर्डर की रात अस्पताल में मौजूद 2 सिक्योरिटी गार्ड्स का कलकत्ता में सीएफएसएल ने पॉलीग्राफ टेस्ट किया। सीबीआई के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अबतक कुल 10 लोगों का पॉलीग्राफ टेस्ट कराया जा चुका है। इस बीच आरजी कर अस्पताल की असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट और पीड़िता के मम्मी-पापा के बीच की फोन रिकॉर्डिंग भी वायरल हो रही है। ट्रेनी डॉक्टर की मौत सुबह 3-4 बजे के बीच हुई थी। जबकि पीड़िता के माता-पिता को पहला कॉल सुबह 10.53 पर किया गया।






## नगर निगम में हुई 15वें वित्त की अहम बैठक

# गाजियाबाद क्षेत्र में होंगे 158 करोड़ 58 लाख रुपए के विकास कार्य

## एयर क्वालिटी इंडेक्स भी 19 करोड़ रुपए से जाएगा सुधारा

## दीपावली से पहले 5000 लाइटों से जगमग होगा गाजियाबाद शहर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को नगर निगम सभागार में 15वें वित्त की अहम बैठक हुई। जिसमें शहर के महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर मोहर लगा दी गई है। खुद महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में 158 करोड़ 58 लाख रुपए के प्रस्ताव नगर आयुक्त, जीडीए वीसी सहित सभी सदस्यों ने पास किए हैं।

खास बात यह है कि इसमें लगभग 128 करोड़ रुपए से शहर की सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था को पूरा किया जाएगा। तो वहीं 12 करोड़ रुपए से औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों को व्यवस्थित किया जाएगा। वहीं ग्रेटर नोएडा से सटे तिगरी गोल चक्कर जो कि नोएडा से जुड़ा हुआ है, वहां 2 करोड़ रुपए की लागत से एंट्री पॉइंट बनाया जाएगा। तो वहीं शहरवासियों के लिए दीपावली से पहले 5 करोड़ 83 लाख रुपए से शहर की प्रकाश व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का काम किया जाएगा।

दीपावली से पहले नगर निगम क्षेत्र के 100 वार्ड में 5000 लाइटों को भी लगाने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही अवस्थापना निधि के लगभग 11 करोड़ 39 लाख रुपए को भी स्वीकृति मिल गई है। कुल मिलाकर गाजियाबाद के विकास और कई परियोजनाओं को सफल बनाने के लिए इसमें रणनीति तय की गई है। गाजियाबाद को कैसे सुंदर और स्वच्छ बनाया जाए इसके साथ ही आधुनिकता के मैप पर दशार्या जा सके। इसका प्लान भी बनाया गया है। बैठक के दौरान जलकल विभाग को लगभग 49 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। तो विजयनगर जोन अंतर्गत 10 एमएलडी गंगाजल के कार्य को स्वीकृति मिल गई है। नगर निगम क्षेत्र के अंतरगत आने वाले कई वार्डों में पाइपलाइन, आंतरिक सड़कों की मरम्मत, नाले-पुलिया और अन्य करोड़ों रुपए के विकास कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं।





## 5000 लाइटों से जगमग होगा गाजियाबाद


करंट क्राइम। नगर निगम में हुई 15वें वित्त की अहम बैठक में शहर को रोशनी से भरपूर बनाने के लिए प्लान बनाया गया है। जिसके तहत लगभग 5 करोड़ 83 लाख रुपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें खांबो और लाइटों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही दीपावली से पहले शहर को 5000 लाइटों से जगमग करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्वीकृति दे दी गई है। महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस पर सहमति जाता दी है। इसके तहत शहर के 100 वार्डों में



50-50 लाइटें स्वीकृत की गई हैं ताकि शहर को अधिक रोशन और सुंदर बनाया जा सके।

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर सबसे ज्यादा बजट

करंट क्राइम। गुरुवार को हुई 15वें वित्त की अहम बैठक में शहर में बढ़ रही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की समस्या पर अधिकारियों ने भी चिंता जाहिर की है।




साथ ही इसके लिए लगभग 128 करोड़ 15 लाख रुपए की कार्य योजना बनाई गई है। जिसके तहत शहर में कूड़े की समस्या से निजात पाने के लिए डंपिंग ग्राउंड से लेकर कूड़े को उठाने और उसके वेस्ट मैनेजमेंट को प्रमुखता के साथ संचालित करने पर प्लान बनाया गया है। साथ ही शहर कूड़ा मुक्त हो सके, इसकी रणनीति बनाने पर मंत्रणा की गई है।

### नोएडा से जुड़ा एंट्री पॉइंट तिगरी, गोल चक्कर भी बनेगा सुंदर

करंट क्राइम। गाजियाबाद की सीमा नोएडा से टच होती है और नोएडा से सटे तिगरी गोल चक्कर इलाके को सुंदर बनाया जाएगा। तिगरी गोल चक्कर पर एंट्री गेट बनेगा जो गाजियाबाद का प्रवेश द्वार रहेगा। इसको लगभग 2 करोड़ रुपए से बनाया जाएगा, यह भव्य एवं सुंदर होगा ताकि दूर से ही गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश करने का लोगों को एहसास हो सके कि वो गाजियाबाद में प्रवेश कर रहे हैं।

### विजयनगर पर खास फोकस

करंट क्राइम। गाजियाबाद में विधानसभा उपचुनाव होना है और उसको लेकर विजयनगर पर इस बैठक में खास फोकस किया गया है। विजयनगर में जल संकट खत्म करने का प्रयास किया गया है, जिसकी सभी पार्षदों द्वारा पूर्व में मांग की गई थी। साथ ही नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए भी चर्चा की गई है।

## सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए 128 करोड़ रुपए होंगे खर्च

### औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों में होगा सुधार कार्य



करंट क्राइम। नगर निगम में हुई 15वें वित्त की अहम बैठक में लगभग 12 करोड़ रुपए से व्यवस्थित अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों को सुधारने और उनके पैच वर्क कराने के लिए बजट तय किया गया है। इसके तहत गाजियाबाद के कई औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त किया जाएगा ताकि वहां वाहनों के ओवरलोड से जो सड़कें खस्ता हाल हो चुकी हैं, उनको सुधारा जा सके। वहीं व्यापारियों और उद्यमियों को उसका लाभ मिले और सड़क चलने योग्य हो सके।

### लगेंगे नलकूप, मिलेगा साफ पानी



करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बताया गया है कि शहर में महत्वपूर्ण कार्यों को बैठक में चर्चा करते हुए कई को स्वीकृति मिली है। जिसमें जलकल विभाग को लगभग 49 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत विजयनगर जोन अंतर्गत 10 एमएलडी गंगाजल के कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसी के साथ 30 एचपी के नलकूप भी लगाए जाएंगे। वार्ड-49 नंदग्राम मरियम नगर में पानी पाइपलाइन कार्य को सुधार मिलेगा। ऐसी प्रकार जलकल विभाग को 49 करोड़ रुपए के कार्य पास किए गए हैं।

### राजनगर सहित कई इलाकों में बनेगी कमर्शियल दुकानें

करंट क्राइम। नगर निगम ने इस दौरान अपनी आय बढ़ाने पर भी ध्यान दिया है। अधिकारियों ने रणनीति बनाई है कि राजनगर एक्सटेंशन के साथ ही कई अन्य क्षेत्रों में कमर्शियल दुकानें बनाई जाए, प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत शहर में विकास के लिए 15वें वित्त स्थापना के तहत कमर्शियल दुकानें बनाने पर भी सहमति बनी है।

### 15 से ज्यादा वार्डों में होंगे करोड़ों के आंतरिक कार्य

करंट क्राइम। निर्माण विभाग के अंतर्गत आंतरिक वार्डों में विकास कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत वार्ड-25 अंबेडकर नगर, वार्ड-64 गरिमा गार्डन, वार्ड- 46 गुलदहर- दुहाई, वार्ड-49 नंदग्राम मरियम नगर, वार्ड-28 राजीव कॉलोनी, वार्ड-17 सेवा नगर हिंडन विहार, वार्ड-15 चरण सिंह कॉलोनी, वार्ड-73 शालीमार गार्डन एक्सटेंशन, वार्ड-54 वसुंधरा सेक्टर-01, वार्ड-24 मेहरौली, वार्ड-12 कालका गाढ़ी, जटवाड़ा, वार्ड-88 गांधीनगर-तुरब नगर, वार्ड-50 सादिक नगर- नूर नगर और वार्ड-69 लोहिया नगर- लाल क्वार्टर की सड़क मरम्मत, नाला रखरखाव कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई है। जिनकी लागत लगभग 12 करोड़ रुपए के आसपास रहेगी।

### मेयर ने लगा दिया स्वास्थ्य विभाग के प्रस्तावों पर ब्रेक



करंट क्राइम। नगर निगम में हुई 15वें वित्त बैठक की महत्वपूर्ण जानकारी नगर निगम के अधिकारियों द्वारा दी गई थी लेकिन इसके कुछ देर बाद शाम को ही महापौर सुनीता दयाल की ओर से भी एक आधिकारिक प्रेस नोट जारी किया गया। जिसमें लिखा गया कि स्वास्थ्य विभाग प्रस्तावों की अनुमानित राशि अधिक होने के कारण उन पर पुन गणना कर भुगतान किया जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के दो प्रस्तावों को निरस्त कर उन्हें विचार कर अग्रिम बैठक में रखे जाने आदेश दिया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा जो डोर टू डोर सीएनजी वाहनों से साढे 300 गाड़ियों के कूड़े उठाने का कॉन्ट्रैक्ट था, उसको लेकर जेएस एंपायर कंपनी को कटघरे में खड़ा करते हुए इस पर असहमति दिखाई व जताई गई है। साथ ही नालों की सफाई जो 7 करोड़ रुपए से होनी थी। इसके टेंडर 10-10 लाख रुपए के एक ही व्यक्ति को देने पर भी इस बिंदु को जांच में लाया गया है। साथ ही स्वास्थ्य के काम की जांच व उसके बाद उसकी पेमेंट करने के निर्देश दिए गए हैं।

### मेयर से लेकर जीडीए वीसी और नगर आयुक्त रहे मौजूद






करंट क्राइम। गुरुवार को नगर निगम सभागार में हुई 15वें वित्त की अहम बैठक में शहर के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर मोहर लगाने का काम किया गया है। महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लगभग 158 करोड़ 58 लाख रुपए के प्रस्ताव रखे गए। बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स और जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने दी भाजपा को राय

## जो भी मांग रहा है टिकट उसका एक इंटरव्यू हो जाये

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का अपनी बात को पूरी सत्यता और दृढता से रखने का अपना अंदाज है। उनके अंदाज की सबसे बड़ी खूबी उनकी निष्पक्षता है। वो अगर कोई बात कहते हैं तो उसमें बाकायदा संदर्भ देते हैं और फिर उस बात को रखते हैं। उपचुनाव के माहौल में उन्होंने एक राय दी है और वो राय ये है कि टिकट से पहले टिकट मांगने वालों का इंटरव्यू होना चाहिए। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने पुराने समय के पैटर्न से अवगत कराया है और कहा है कि चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले कार्यकर्ता के चरित्र, उसकी छवि, क्षेत्र में उसकी पहचान आदि जैसे विषयों पर पूरी जानकारी होनी चाहिए।

### भाजपा उपचुनाव में किसे टिकट देगी, मुझे नहीं पता



करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखा है कि भाजपा उपचुनाव में किसे टिकट देगी मुझे नहीं पता। टिकट किन्हीं परिवारों को विरासत को बढ़ाने वाले ले जाने में सफल होंगे या जातियों के गणित से वोटों का समीकरण बैठाने वाले ले जायेंगे। या समाज में परस्पर वैमन्सय पैदा करने वाले पालेंगे या जिन्हें लगता है कि दुनिया में सब कोई बिकता है वो पालेंगे। या कार्यकर्ता जो काम करता है लोगों के सुख दुख में काम आता है जनता में जिसकी पहचान में है वह सफल होगा।

### टिकट का मानक था चाल, चरित्र, चेहरा, लोक व्यवहार और छवि

करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अपने पत्र में लिखा कि कल्याण सिंह ने तो एक मानक ही निर्धारित कर दिया था चाल चरित्र और चेहरा। उम्मीदवार का चाल चलन अर्थात लोक व्यवहार कैसा है। उसकी छवि कैसी है और उसके चेहरे की पहचान कितनी और कैसी है। इसी मानक पर टिकटों का बंटवारा होता था। समाजिक समीकरण भी था लेकिन कार्यकर्ता की वरिष्ठता, उसका काम और संगठन में उसकी भागीदारी अपना महत्व रखती थी।

### संगठन मंत्री कहते थे स्पष्ट पहले चुनाव लड़वाओ, तब होगा तुम्हारे बारे में विचार

करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने अपने पत्र में कहा कि उस समय के संगठन मंत्री स्पष्ट कहते थे कि अभी पार्टी में आये हो कुछ दिन पार्टी की सेवा करो, पार्टी के दो चार चुनाव लड़वाओ तभी तो आप पर विचार होगा। हमारे समय में तो पार्टी के नेता कहते थे कि टिकट पार्टी कार्यालय में मिलता है अखबारों के दफ्तरों में नहीं मिलता। इसलिए अपनी विशेषता पार्टी कार्यालय में बताओ, अखबरों के दफ्तरों में नहीं।

### तो ये हैं वो सवाल जिनसे प्रत्याशी को दो चार होने के लिए रहना है तैयार

करंट क्राइम। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने टिकट के मानक बताये और उन्होंने वो सवाल बताये जिनसे हर दावेदार को दो चार होने के लिए तैयार होना चाहिए। उन्होंने लिखा भी क्या आज प्रत्याशी इन सवालों से दो चार होने को तैयार है। वो सवाल हैं कि प्रत्याशियों से इंटरव्यू में ये पूछा जाना चाहिए की बूथ कितने है? पोलिंग स्टेशन कितने हैं? कौन कौन से मौहल्ले गांव या क्षेत्र में हैं? कितने नए वोट बनवाये हैं? कितने फर्जी वोट कटवाये हैं? उस क्षेत्र में रहने वाले समाज के प्रमुख लोगों में से कितनों से आपका परिचय है? आपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए कितने आंदोलन किये हैं? पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखा है कि पहले ऐसे सवालों से प्रत्याशियों को दो चार होना पड़ता था क्या आज प्रत्याशी इन सवालों से दो चार होने को तैयार है।

## आज नीरज सिंह पहुंचेंगे विजय मोहन के निवास पर




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता नीरज सिंह आज गाजियाबाद आ रहे हैं। वह भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व पार्षद विजय मोहन के कविनगर स्थित आवास पर पहुंचेंगे। गौरतलब है कि भाजपा नेता विजय मोहन के पुत्र का आकस्मिक निधन हो गया था। नीरज सिंह विजय मोहन के यहां शोक व्यक्त करने के लिए आ रहे है। वह कविनगर स्थित विजय मोहन के आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त करेंगे। वहीं दोपहर साढ़े 12 बजे वह पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के निमंत्रण पर महर्षि दयानंद स्कूल में भी जाएंगे।

### आज सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचेगा लाल क्वार्टर में

## पुलरई हादसे में मारी गई महिला के परिजनों को सौंपेंगे मदद धनराशि का चेक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी इन दिनों जहां विपक्ष वाले तेवरों के साथ मोर्चा खोल रही है वहीं वो जनसमस्याओं के समाधान के लिए जनता के बीच पहुंच रही है। उसके नेता जनमुद्दों पर जनता के साथ खड़े नजर आते हैं।

जनता के सुख दुख में साथ हैं और इसका मुलाहिजा आज गाजियाबाद के लाल क्वार्टर इलाके में होगा। 02 जुलाई को जिला हाथरस के पुलरई गांव में हुए दुखद हादसे में गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबा के भी गई लोग मारे गये थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ये निर्देश दिये थे कि इस हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को समाजवादी पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता दी जायेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों के अनुपालन में आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर जायेगा।



ये प्रतिनिधि मंडल मदद की धनराशि का चैक सौंपेगा। गाजियाबाद में लाल क्वार्टर इलाके में सपा का प्रतिनिधि मंडल पहुंचेगा। लाल क्वाटर में रहने वाली विमलेश पत्नी सुरेन्द्र की हाथरस हादसे में मौत हो गई थी। आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद के लाल क्वार्टर में पहुंचेगा और मदद धनराशि का चैक सौंपेगा।

### सांसद हरेन्द्र मलिक, पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा और पूर्व एमएलसी राकेश यादव सहित नौ लोग हैं प्रतिनिधि मंडल में

करंट क्राइम। 02 जुलाई को हाथरस जिले की सिकन्दराऊ तहसील के फुलरई गांव में हुए दुखद हादसे में कई लोग मारे गये थे। समाजवादी पार्टी इस हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आज सपा का प्रतिनिधि मंडल गाजियाबाद और नोएडा में जायेगा। इस प्रतिनिधि मंडल में मुजफ्फरनगर के लोकसभा सांसद हरेन्द्र सिंह मलिक, साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, समाजवादी पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारती, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव, सपा के प्रदेश सचिव फकीर चन्द्र नागर, नोएडा के सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी और महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता शामिल हैं।

# घड़ी शोरूम में करोड़ों की चोरी का मामला, एक लाख का इनामी साथी सहित गिरफ्तार

## पुलिस ने लाखों की ब्रांडेड घड़ियों की बरामद, तीन नेपाली चोर सहित सात अभी भी फरार








**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में हुई ब्रांडेड गाड़ियों के शोरूम की चोरी के मामले में पुलिस ने लंबी जांच पड़ताल और कई राज्यों की दबिश के बाद दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक लाख रुपये का इनामी बदमाश संतोष कुमार जायसवाल निवासी घोड़ासहन मोतिहारी और उसका साथी रोहित कुमार पासवान गिरफ्तार किया गया है। इस गैंग के अभी कई सरगना फरार हैं जबकि इस मामले में पुलिस को अभी सिराज, जितेंद्र उर्फ जीतन साहनी, रोशन, राहुल पासवान, सीतामढ़ी के जीतन पासवान, नेपाल के सचिन, प्रमोद व आसामी उर्फ संतोष की तलाश है। घटना करने से करीब 20 से 22 दिन पहले संतोष कुमार जायसवाल, सचिन नेपाली, प्रमोद नेपाली, आसामी उर्फ संतोष सेक्टर-63 नोएडा जाकर किराए के मकान पर रहे थे और रेकी करते हुए उन्होंने इंदिरापुरम की घटना को अंजाम दिया। खास बात यह है कि बिहार के घोड़ासहन इलाके का चादर गैंग चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए फिल्मी अंदाज में कोड वर्ड का इस्तेमाल किया करता था। जिसमें बाहर रहने के लिए प्लेयर, बीच में जाने के लिए फील्डर और अन्य कोड वर्ड इस्तेमाल किए जाते थे। गुरुवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह और थाना प्रभारी इंदिरापुरम रविंद्र व स्वाट टीम प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दकी के साथ मिलकर 125 ब्रांडेड घड़ियां बरामद की हैं। जिनकी कीमत लाखों में बताई जा रही है। वहीं पुलिस के अधिकारियों का दावा है कि जैसे ही नेपाल को फरार हुए चोरों को पुलिस गिरफ्तार करेगी, तो लगभग दो करोड़ रुपए की घड़ी और बरामद हो पाएंगी।

### कभी फेरीवाला, पुताई वाला और सामान बेचने की फेरी लगाकर रेकी करता है गैंग

**करंट क्राइम।** एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह व स्वाट टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि पकड़े गए संतोष कुमार जायसवाल और रोहित कुमार पासवान से कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। पुलिस ने बताया है कि अभियुक्त संतोष कुमार जायसवाल के खिलाफ राजस्थान, उत्तराखंड में दो, राजस्थान में एक और गाजियाबाद में मुकदमे दर्ज हैं। तो वही रोहित पासवान महाराष्ट्र में भी वारदात कर चुका है। पुलिस ने बताया है कि यह लोग पहले बिहार में मुर्गा मछली फ्राई बेचने का काम करते थे, फिर यह लोग उत्तराखंड और ज्वालापुर हरिद्वार में भी शटर पर चद्दर डालकर चोरी कर चुके हैं। यह बिहार और नेपाल के चोरों का एक सक्रिय गैंग है, जो देशभर में वारदात करता रहता है। पुलिस ने बताया है कि यह वारदात को अंजाम देने से पहले आसपास किसी गेस्ट हाउस या किराए के कमरे व लॉज में रहते हैं। रेकी करते हैं और फिर वारदात कर ई–रिक्शा या ऑटो से अपने–अपने स्थान को फरार हो जाते हैं।

### घटनास्थल पर नहीं ले जाते हैं मोबाइल फोन, चद्दर लगाकर करते हैं चोरी

**करंट क्राइम।** पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस लाइन में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी है कि अभी इस गिरोह की केवल दो ही आरोपी पकड़े गए हैं। अन्य सात से अधिक आरोपी इस मामले में फरार हैं। जिसमें तीन नेपाल की सीमा में प्रवेश कर गए हैं। इस घटनाक्रम में अभी पुलिस को सिराज, जितेंद्र और जितेंद्र शाही, रोशन, राहुल पासवान, जीतन पासवान सहित नेपाल के सचिन, प्रमोद और आसामी उर्फ संतोष की तलाश है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि घड़ी शोरूम और ब्रांडेड शोरूमों को निशाना बनाने वाला यह गैंग चद्दर डाल के रात में वारदात करता है ताकि कोई उनके साथियों को देख नहीं पाए। खास बात यह है की वारदात वाले दिन इनमें से कोई भी मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करता है और वारदात को अंजाम देने के बाद सभी अपने–अपने ठिकानों की ओर निकल जाते हैं, फिर एक स्थान पर रुक कर माल का बंटवारा होता है।

### पुलिस टीम के लिए अभी पूरा खुलासा करना है चुनौती, अभी सात आरोपी हैं फरार

**करंट क्राइम।** लगभग तीन करोड़ रुपए की घड़ी शोरूम से चोरी हुई थी। इस मामले में पुलिस ने अभी सिर्फ 46 लाख रुपए के माल की बरामदगी की है, जबकि अभी बड़ी संख्या में ब्रांडेड और कई नामी कंपनियों की घड़ियां पुलिस को बरामद करना शेष है। शोरूम के मालिक का कहना है कि केवल अभी राडो कंपनी की ही 89 से ज्यादा घड़ियां पुलिस को बरामद करनी हैं, जिनकी कीमत करोड़ में है। वहीं पुलिस को अन्य कंपनियों की घड़ी भी बरामद करना है। यह गैंग पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण हैं, जिसका पूरा नेटवर्क बिहार और नेपाल की सीमावर्ती इलाकों में एक्टिव है।

# एक सितंबर से हापुड़ रोड पर नहीं चल सकेंगे ई-रिक्शा

## जाम के खात्मे के लिए अधिकारियों ने लिया संज्ञान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** एनएच-9 के बाद अब हापुड़ रोड पर भी ई-रिक्शा का संचालन बंद होगा। पुलिस ने इसका पूरा रोडमैप तैयार कर लिया है। यह नियम एक सितंबर से लागू हो जाएगा।

पुलिस ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। गाजियाबाद पुराना बस अड्डे से डासना फ्लाईओवर तक पहुंचने में लोगों को हर समय जाम से जूझना पड़ रहा है। इसमें जाम का सबसे बड़ा कारण ई-रिक्शा की लगातार बढ़ती संख्या है। सवारी बैठाने के चक्कर में ई-रिक्शा बीच सड़क पर खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे पुलिसकर्मियों को व्यवस्था बनाना मुश्किल हो जाता है। चेतावनी के बाद भी इसमें कोई सुधार नहीं होने पर पुलिस आयुक्त अजय मिश्र ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कदम उठाया गया है। यह नियम एक सितंबर से लागू कर दिया जाएगा। इसके व्यापक प्रचार- प्रसार के साथ यातायात पुलिस को भी ई-रिक्शा चालकों से समन्वय कर इसकी जानकारी साझा करने के दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। एडीसीपी यातायात पीयूष सिंह ने बताया कि पाबंदी के बाद यदि कोई ई-रिक्शा हापुड़ रोड पर चलता हुआ मिला तो नो एंट्री के साथ ई-रिक्शा को जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### यहां नहीं चलेंगे ई-रिक्शा

**करंट क्राइम।** लगातार हो रहे हादसे और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एनएच–9 पर भी ई–रिक्शा का संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया था। अब हापुड़ रोड जिले की दूसरी सड़क बन गई है जहां, ई–रिक्शा का संचालन बंद रहेगा।




## 'समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, कारनामे काले': सीएम योगी

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी के कारनामों से हर कोई परिचित है। पन्नों को पलटेंगे तो काले कारनामों से उनका इतिहास भरा है। सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे कालेश हैं। मुख्यमंत्री ने यहां राजकीय इंटर कॉलेज, लाल इमली, चुन्नीगंज में कानपुर वासियों से संवाद किया। इसके पहले सीएम ने 750 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किए। सीएम ने लोकसभा चुनाव में कानपुर से रमेश अवस्थी और अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' की जीत के लिए आभार जताया।

### आज और कल होगी सिपाही परीक्षा

# कमिश्नरेट के 20 परीक्षा केंद्र पर होगा पेपर



**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए जारी पेपर 30 और 31 अगस्त को भी आयोजित किए जाएंगे ,इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 20 परीक्षा केंद्रों पर दोबारा से तैयारी शुरू कर दी गई है।

साथ ही सुरक्षा का प्लान भी तैयार किया गया है। पांच दिन पूर्व में परीक्षा हो चुकी है, उन्हीं सेंटरों पर दोबारा परीक्षा होनी है। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सभी परीक्षा सेंटरों पर सीसीटीवी की निगरानी के साथ ही पुलिस बल को लगाया गया है। आज यानी शुक्रवार और शनिवार को परीक्षा होनी है।

### तीन चरण में होगी परीक्षार्थियों की जांच

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत सिटी और देहात जोन में सर्वाधिक सेंटर हैं। प्रत्येक केंद्र में परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों की तीन चरण में जांच होगी। पहले मेटल डिटेक्टर और पुलिसकर्मी जांच करेंगे। इसके बाद अंदर मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी, वही कमरे में मौजूद अगर स्टाफ को किसी पर शक होगा तो वह उसकी तीसरी दफा भी जांच कर सकता है।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा :

- नगरपालिका बालिका इंटर कालेज चंद्रपुरी और ए–ब्लॉक और बी–ब्लॉक
- सेठ मुकंदलाल इंटर कालेज हापुड़ रोड
- मनोहरी विद्या मंदिर हायर सेकेंड्री स्कूल
- एमएमएच कॉलेज मॉडल टाउन
- सनातन धर्म इंटर कालेज
- शंभू दयाल इंटर कालेज
- शंभू दयाल पीजी कॉलेज
- एमएमएचवी इंटर कालेज
- राजकीय कन्या इंटर कालेज सेक्टर–नौ विजयनगर ए–ब्लॉक और बी–ब्लॉक
- एचएचएमके इंटर कालेज माधोपुर विजयनगर
- राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम
- मान्यवर कांशीराम राजकीय डिग्री कॉलेज सद्दीकनगर
- गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज लोहियानगर
- सुशीला बालिका इंटर कालेज दयानंद नगर
- राजकीय पॉलिटेक्निक डी–ब्लॉक शास्त्रीनगर
- लाजपतराय डिग्री कॉलेज श्यामपार्क साहिबाबाद
- कैलाशवती इंटर कालेज अर्थला
- आध्यामिक नगर इंटर कालेज डासना

## बाइक सवार बना देवदूत, मूसलाधार बारिश के बीच जलकर खाक हुई एसी बस

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बाइक सवार की सूझबूझ ने एक बड़ा हादसा टाल लिया। शाहदरा के जगतपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगतपुरी रेड लाइट पर गुरुवार को एक एसी बस में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी बस धू-धूकर जल उठी। गनीमत रही कि इस घटना के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी सुरेंद्र भोला ने बताया कि जगतपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुरी रेड लाइट पर डीटीसी की बस रूट नंबर 340 में आग लगी थी। सुबह 10 से 10.30 बजे का वक्त था। बस में पीछे की ओर से आग लग चुकी थी। इसी दौरान पीछे से एक बाइक सवार तेजी में आया और उसने बस रुकवाई। बस चालक से बाइक सवार ने कहा कि बस में पीछे आग लग गई है। देखते ही देखते, बस के सभी यात्री बारी-बारी उतर गए। इसके बाद यह पूरी बस धू-धू कर जल उठी। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, कोई जनहानि नहीं हुई। इस दौरान दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। जिसने मौके पर पहुंच कर आग बुझाई। दमकल विभाग के एसटीओ अनूप सिंह ने बताया है कि हमें सुबह 9.42 पर बस में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद, आग पर काबू पाया गया। पूरी बस जलकर खाक हो गई। आग लगने का कारण क्या रहा इसे लेकर फिलहाल कोई पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन बताया जा रहा है कि आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट हो सकता है। जगतपुरी में हुई इस घटना के बाद तमाशबीनों की भीड़ भी जुटी और सड़क जाम की स्थिति भी बन गई। सड़कों पर गाड़ियां रेंगती हुई नजर आईं। बता दें कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को कई हिस्सों में रुक-रुक कर तो कहीं तेज बरसात हुई। आईएमडी ने बारिश की आशंका के चलते येलो अलर्ट भी जारी किया है।



# जम्मू-कश्मीर, हरियाणा के चुनावों में जमीन तलाशेगी सपा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद अब समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय फलक पर विस्तार के प्रयास में जुटी है। इसके लिए उसने उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेने की ठानी है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनावों में उम्मीदवार उतारकर वह दोनों राज्यों में अपनी जमीन तलाशने में जुट गई है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतकर राष्ट्रीय फलक पर अपनी पहचान बनाई है।

लोकसभा के भीतर संख्या बल के हिसाब से वह देश की तीसरे नंबर की बड़ी पार्टी है। सपा को अखिलेश यादव अब राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। इसी कारण अभी हाल में जहां भी चुनाव होंगे वह अपने उम्मीदवार जरूर उतारने का प्रयास करेगी। फिलहाल जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में चुनाव लड़ने की तैयारी है। इसी को लेकर सपा प्रमुख ने अभी 24 अगस्त को जियालाल वर्मा को जम्मू-कश्मीर का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। हालांकि वर्मा पुराने बसपाई हैं। वह 2004 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं और जम्मू कश्मीर में लगातार सक्रिय हैं। जियालाल वर्मा ने बताया कि अब तक विधानसभा चुनाव के लिए 10 आवेदन आ चुके हैं। दो चरण के चुनाव में ही भाग ले सकते हैं। हम आखिरी दो चरणों में होने वाले चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात करके मंथन किया जाएगा इसके बाद उम्मीदवार घोषित होंगे। उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन से पार्टी का राष्ट्रीय स्तर पर समझौता है। लेकिन प्रदेश स्तर पर अभी चर्चा चल रही है। उन्होंने बताया कि हमारी कमेटी घोषित होनी है। यहां पर सपा के पुराने कार्यकर्ता बहुत पहले से हैं। चुनाव जरूर लड़ेंगे। लेकिन, अभी सीटें तय नहीं हैं। सियासी जानकर बताते हैं कि सपा की कांग्रेस से भले इस मुद्दे पर कोई बात न हुई हो, लेकिन उसकी नजर जम्मू-कश्मीर की मुस्लिम बहुल सीटों पर है। कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ रही है। ऐसे में सपा को केंद्रशासित प्रदेश में गठबंधन में कोई सीट मिलने की संभावना कम है। लेकिन सपा इसके बावजूद चुनाव में ताल जरूर ठोकेगी। उधर, हरियाणा में भी समाजवादी पार्टी पांच सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। लेकिन वह वहां पर कांग्रेस से गठबंधन चाह रही है। राष्ट्रीय स्तर पर बात भी चल रही है। क्योंकि वहां की सीटें ही कांग्रेस के यूपी उपचुनाव का भविष्य तय करेंगी। सपा के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र भाटी का कहना है कि गठबंधन में सपा ने पांच-छह सीटों की मांग की है। उन्होंने कहा, अभी हमारी बात चल रही है। अगर गठबंधन नहीं होता तो हम कम से कम 25-30 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। सपा नेता ने कहा कि हालांकि भूपेंद्र हुड्डा ने गठबंधन के लिए मना किया है, फिर भी केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत हो रही है। एक-दो दिन में फाइनल हो जायेगा। हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष को अपनी 10 - 11सीटों पर चुनाव लड़ने की सूची दी है। भाटी ने बताया कि पार्टी का संगठन हरियाणा में काफी मजबूत है। हर जिले में कमेटी भी है।

कार्यकर्ता भी सक्रिय हैं। चुनाव लड़ने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। पूर्व विधान परिषद के सदस्य और सपा के वरिष्ठ नेता संजय लाठर का कहना है कि कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। गठबंधन की एकता को बरकरार रखने के लिए सपा की मांग पूरी करनी चाहिए। लोकसभा चुनाव में हमने कांग्रेस के लिए बड़ा दिल दिखाया था। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल है। वह यूपी में कई बार सरकार बना चुकी है। इसके साथ ही वह मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र,राजस्थान के अलावा दक्षिण के राज्यों में भी विधानसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमा चुकी है। सपा ने मध्य प्रदेश में सबसे अच्छा प्रदर्शन 2003 के चुनाव में था, जब उसके सात विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे थे।



## फिर बढ़ने लगा गंगा-यमुना का जलस्तर, यमुना 80 मीटर के पार



**प्रयागराज।** गंगा-यमुना के जलस्तर में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है। बीते 24 घंटे के दौरान दोनों नदियों का जलस्तर तकरीबन सवा मीटर बढ़ने से शहर के निचले इलाकों में हड़कंप मच गया।


यमुना का जलस्तर 80 मीटर के आंकड़े को पार कर गया। इस बीच बीते 24 घंटे के दौरान प्रयागराज में 37.75 मिमी बारिश दर्ज हुई। सर्वाधिक बारिश करछना तहसील में 74 मिमी दर्ज हुई, जबकि यमुनापार के मेजा में 50 मिमी बारिश हुई। वहीं, गंगापार में सर्वाधिक 61 मिमी बारिश हंडिया तहसील क्षेत्र में दर्ज हुई। सदर तहसील में 51 मिमी बारिश होने की बात कही जा रही है। उधर, तमाम बैराजों और बांधों से नदियों में छोड़े जा रहे पानी से प्रयागराज में गंगा और यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। रात यमुना का नैनी में जलस्तर 79.23 मीटर दर्ज किया गया था जो 24 घंटे बाद बढ़कर 80.42 मीटर हो गया। इसी तरह गंगा का छतनाग में जलस्तर मंगलवार रात आठ बजे 78.52 मीटर दर्ज किया गया था, जो बुधवार रात आठ बजे 79.79 मीटर हो गया। इस तरह से गंगा के जलस्तर में 1.27 मीटर एवं यमुना के जलस्तर में 1.19 मीटर की वृद्धि हुई। हालांकि, गंगा-यमुना अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही है। यहां गंगा-यमुना का खतरे का निशान 84.734 मीटर है। बुधवार रात आठ बजे यमुना का नैनी में 80.42 मीटर एवं गंगा का छतनाग में जलस्तर 79.67 मीटर रहा।


# महायोगी पायलट बाबा के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित

## शिवमहापुराण कथा में शामिल हुए श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज

- महाराजश्री ने महायोगी पायलट बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की
- 6 सितंबर को महायोगी पायलट बाबा की श्रद्धांजलि सभा व षोडशी भंडारा श्रीमहंत हरि गिरी महाराज के दिशा-निर्देशन में होगा







**हरिद्वार, करंट क्राइम।** ब्रहमलीन अनंत श्री विभूषित क्षेत्रिय ब्रहमनिष्ट श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर महायोगी पायलट बाबा स्वामी सोमनाथ गिरी महाराज के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित शिव महापुराण कथा में गुरूवार को जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरि महाराज, श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज भी शामिल हुए। उन्होंने महायोगी पायलट बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की व उनका पूजन किया। महाराजश्री ने कहा कि महायोगी पायलट बाबा ने समाज, देश व सनातन हिंदू धर्म की जो सेवा की तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए जो कार्य किए, उसके लिए वे हमेशा याद किए जाएंगे। भारत ही नहीं पूरे विश्व में उनके कार्य व संदेश भक्तों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। कथा व्यास वृंदावन पीठाधीश्वर महामंडलेवर महेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि भगवान शिव के भक्तों के लिये शिव पुराण का बड़ा महत्व है। इस पुराण में शिव भगवान की महिमा की गई है। इस पुराण में शिव जी को वात्सल्य, दया और करुणा की मूर्ति के रुप में महिमामंडित किया गया है। इस पुराण का पाठ करने से भक्तों के अंदर भी ऐसे ही गुणों का संचार होता है। यानि भक्तों का चरित्र भी भगवान शिव की ही तरह बनने लगता है। महामंडलेवर महेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि दक्ष प्रजापति ने जिस कनखल में यज्ञ किया था, वहीं पर महायोगी पायलट बाबा का आश्रम भी है। उनका 16 दिन का आराधना उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें उनके सभी भक्तों को भाग लेना चाहिए। श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज ने बताया कि कथा व्यास वृंदावन पीठाधीश्वर महामंडलेवर महेशानंद गिरी महाराज की शिवमहापुराण कथा 25 अगस्त से 4 सितंबर तक होगी। 6 सितंबर को महायोगी पायलट बाबा की श्रद्धांजलि सभा होगी। 6 सितंबर को प्रातः 7.30 बजे से 9.30 बजे तक हवन व रूद्राभिषेक होगा। 11 बजे श्रद्धांजलि सभा होगी और दोपहर 12.15 से षोडशी भंडारा प्रारंभ होगा। यं सभी आयोजन श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक व अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के दिशा-निर्देशन में महायोगी पायलट बाबा की अध्यक्ष योगमाता केको आइकावा कैला देवी, आश्रम की महामंत्री, पायलट बाबा की परम शिष्या व उनकी उत्तराधिकारी महामंडलेश्वर साध्वी चेतनानंद गिरी महाराज व महामंडलेश्वर साध्वी श्रद्धा गिरी महाराज तथा स्वामी प्रेमानंद गिरी महाराज की देखरेख में होंगे। 6 सितंबर को श्रद्धांजलि सभा व षोडशी भंडारे में देश भर के संत व पायलट बाबा के विश्व भर के भक्त भाग लेंगे। गुरूवार को कथा में जूना अखाड़े के वर्तमान सभापति श्रीमहंत प्रेम गिरि जी महाराज, पूर्व सभापति उमाशंकर भारती महाराज, जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय सचिव श्रीमहंत महेशपुरी महाराजए सचिव श्रीमहंत शैलेंद्र गिरि महाराज, मंत्री मनोज गिरी महाराज, महंत गिरीशाानंद गिरी महाराज, आचार्य रोहित त्रिपाठी सामवेदी आदि भी शामिल हुए और महायोगी पायलट बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### निर्वाचन आयोग ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी की अधिसूचना

**श्रीनगर।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को जम्मू–कश्मीर में 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरने के लिए अधिसूचना जारी की है। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है।


**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक संख्याः–556/पार्किंग/2024–25 दिनांकः–29/08/2024

**पार्किंग स्थलों की ई–निविदा/खुली बोली आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा विभिन्न पार्किंग स्थलों पर संचालित/अधिकृत 06 सामान्य पार्किंग स्थलों एवं कविनगर जोन, विजयनगर जोन, सिटी जोन, वसुन्धरा जोन अन्तर्गत स्थित औद्योगिक क्षेत्र में सड़क पटरी किनारे खड़े होने वाले माल वाहक वाहनों यथा टाटा–407, ट्रक, ट्रोला, ट्रैक्टर–ट्राली आदि वाहनों से निर्धारित शर्तों के अनुसार पार्किंग शुल्क की वसूली करने हेतु दिनांक 11.09.2024 को ई–निविदा व दिनांक 13.09.2024 को खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से द्वि–पद्धति आधार पर सार्वजनिक ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। सामान्य पार्किंग स्थलों को संचालित करने एवं औद्योगिक क्षेत्रों में सडक पटरी किनारे खड़े होने वाले माल वाहक वाहनों से पार्किंग–शुल्क वसूल करने के ठेके को संचालित करने के इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in से प्रकाशन की तिथि से दिनांक 11.09.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक डाऊनलोड कर ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते है, जो दिनांक 11.09.2024 को सांय 4:00 बजे ई–निविदायें पार्किंग प्रभारी के चतुर्थ तल स्थित कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। उसके पश्चात् पार्किंग स्थलों हेतु खुली बोली का आयोजन दिनांक 13.09.2024 को 1.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक नवयुग मार्किट स्थित नगर निगम मुख्यालय में किया जायेगा। पार्किंग स्थलों हेतु ई–निविदा अथवा खुली बोली के माध्यम से प्राप्त अधिकतम धनराशि दोनों में से जो भी अधिकतम होगी, पर ही स्वीकृति हेतु विचार किया जायेगा। ई–निविदा एवं खुली बोली सम्बन्धी शर्तें ई–प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है।

पार्किंग प्रभारी
गाजियाबाद नगर निगम

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शुक्रवार 30 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# लिंक रोड थानाक्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के बाद बवाल, पुलिस ने किया लाठीचार्ज


## कई थानाक्षेत्र की पुलिस ने संभाला मोर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार की शाम लोगों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया। कहा- रेपिस्टों को फांसी दी जाए। इस बीच लोगों का गुस्सा भड़क गया। उन्होंने आरोपी कबाड़ी की दुकान के बाहर रखे सामान और वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। एक ई-रिक्शे को फूंक दिया। मामला दो समुदायों से जुड़ा है। तनाव को देखते हुए पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। मामला बृजविहार इलाके का है। देर रात एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । लोगो को समझाया भीड़ आक्रोशित हो गई। जिसके बाद पुलिस ने लोगो को कंट्रोल करने के लिए लाठी चार्ज कर दिया, इस दौरान कई थाना क्षेत्रों की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात रही।

### प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस ने चलाई लाठी

**करंट क्राइम ।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में किशोरी से हुए गैंगरेप के मामले को लेकर स्थानीय लोग आग बबूला हो गए थे और सड़कों पर उतर आए। उन्होंने लिंक रोड थानाक्षेत्र में सूर्य नगर फ्लाईओवर के निकट जाम लगा दिया और सड़क पर जमा हो गए। इस दौरान एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। इस दौरान उग्र लोगों ने नारेबाजी और पुलिस का विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने लाठीचार्ज का निर्देश दिया। इस दौरान लोगों को तीतर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठी चलाई और दौड़ा-दौड़ा कर प्रदर्शनकारियों को रास्ते से हटाया गया।








### पीड़िता की चाची का आरोप- 3-4 लड़कों ने किया रेप

**करंट क्राइम।** प्रदर्शनकारियों में शामिल पीड़िता की चाची ने बताया- बुधवार शाम को घर के सभी बड़े महिला-पुरुष सदस्य काम पर गए हुए थे। इसी दौरान कबाड़ खरीदने-बेचने वाले तीन-चार लड़के पीछे का गेट फांदकर घर के अंदर घुस आए। लड़की के साथ मारपीट की गई। जब वह अचेत हो गई तो उसके साथ गैंगरेप किया गया। हालांकि पुलिस का कहना है कि गुरुवार सुबह जब पीड़ित परिवार थाने पर आया तो उन्होंने सिर्फ एक व्यक्ति पर रेप करने का आरोप लगाया। मामले में तत्काल ही मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। अब पीड़ित परिवार तीन-चार युवकों पर रेप का आरोप लगा रहे हैं। इसलिए मामले की गहनता से जांच की जाएगी।

# जब वित्त आयोग वाली बैठक में हो गई दो बड़े चेहरों की जुबानी तकरार

## मैटर वहां तो साईलेंट हो गया लेकिन फिर दोनों की शुरू हुई लैटर वॉर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास वाले महकमें में दो बड़े चेहरों के बीच युद्ध चल रहा है। वैसे तो दोनों ही पक्ष सरकार के हैं लेकिन एक पक्ष आयु के 60 वर्ष तक सरकार में रहना है और दूसरे पक्ष को 60 महीने यानी पांच साल का जनादेश मिला है। पहले भी दोनों के बीच अधिकारों को लेकर तलवारें निकल चुकी हैं और जब वित्त आयोग वाली बैठक हुई तो वही हुआ जिसका इंतजार था। बताते हैं कि पैसा कहां खर्च होगा इसी बात को लेकर सभी अधिकारी जनप्रतिनिधि अपनी राय रख रहे थे और ये सर्च हो रहा था कि कौन से मद में कितना पैसा जायेगा। सूत्र बताते हैं कि यहां पर एक बड़े अधिकारी और एक बड़े जनप्रतिनिधि के बीच पहले अधिकारों को लेकर बात शुरू हुई और इस बात ने धीरे धीरे जुबानी तकरार का रूप लिया। अधिकारी इस पूरे मामले को देखते रहे। और फिर ये हुआ कि वहां तो दोनों पक्ष साईलेंट हो गये लेकिन बाद में दोनों पक्षों में लैटर वॉर शुरू की। पहले एक पक्ष ने लैटर लिखा फिर दूसरे पक्ष ने लिखा। सूत्र बताते हैं कि हैल्थ वाले प्रस्ताव को लेकर विवाद शुरू हुआ। यहां पर जनप्रतिनिधि का पक्ष ये था कि सफाई वाली गाड़ियों का टेंडर और नालों की सफाई के काम पर हुआ खर्च का ब्यौरा दिया जाये। जबकि अधिकारी पक्ष का ये कहना था कि इसकी पूरी शर्त कंडीशन नियम और ग्राउंड रिपोर्ट आ चुकी है। लिहाजा ये ऐसा विषय नहीं है। वहीं जनप्रतिनिधि का कहना था कि वो यह जानने की अधिकारी हैं कि इस काम में कितना पैसा लगा है और उस काम की



गुणवत्ता का स्तर क्या है। सूत्र बताते हैं कि कूड़े ढोने वाली गाड़ियों के टेंडर और नाली की साफ सफाई से विवाद शुरू हुआ और फिर जब दोनों के बीच तीर चले तो वहां पर अधिकांश अधिकारियों का कहना था कि ये तो अपेक्षित था और ये होना ही था। बताते हैं कि फिर मामला बैठक में तो साईलेंट हो गया लेकिन बाद में दोनों ही पक्षों ने अपनी अपनी टेबलों से लैटर वॉर शुरू की। एक दूसरे पर लैटर दाग दिया गया है। अब दोनों को एक दूसरे के लैटर का जवाब देना है। लेकिन वित्त आयोग की बैठक में चर्चा का केन्द्र बिन्दु हेल्थ वाले ऑफिसर ही रहे और यहां दो बिन्दुओं को लेकर एक बड़े अधिकारी और एक बड़े जनप्रतिनिधि के बीच जुबानी जंग हो गई।

## अखिलेश यादव रखते हैं कार्यकर्ता का पूरा ख्याल

# मनोज पंडित की माता के निधन पर लिखा पत्र और कहा दुख में हम आपके साथ

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने समाजवादियों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। वो हर ऐक कार्यकर्ता के सुख और दुख में शामिल होने की पूरी कोशिश करते हैं। कई मौके पर स्वयं पहुंचते हैं और नहीं पहुंच पाने की स्थिति में है तो पत्र लिखकर अपनी भावनाओं से अवगत कराते हैं। समाजवादी पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित की माता सरोज शर्मा के निधन पर अखिलेश यादव ने पत्र भेजकर शोक जताया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लिखा कि यह समाचार पाकर गहरा दुख हुआ कि आपकी परमपूज्य माता श्रीमती सरोज शर्मा जी का स्वर्गवास 17 अगस्त को हो गया है। इस असहनीय दुख में हम आपके साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति, आपको और शोक संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के ये शब्द ये भावनाएं कार्यकर्ता को एक सांत्वना देती हैं। अखिलेश यादव ये महसूस कराते हैं कि वो अपने कार्यकर्ता के साथ हैं। अखिलेश यादव की यही आदत उन्हें कार्यकताओं के बीच लोकप्रिय बनाती है।





### अखिलेश यादव की परिपाटी पर चलते सपा के नेता



**करंट क्राइम।** अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री हैं सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और उत्तर प्रदेश में विपक्ष की राजनीति के सबसे बड़े चेहरे हैं। उन्होंने एक तरह से सियासत में अपने पिता के गुणों को आत्मसात किया है। वो कार्यकर्ता के दुख में शरीक होते हैं और जब बड़ा नेता किसी परम्परा का पालन करता है तो उसका असर दिखाई देता है। मनोज पंडित वैसे भी सपा के पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। उनकी माता की निधन पर शोक व्यक्त करने सपा हीं नहीं बल्कि अन्य राजनीतिक दलों के नेता भी पहुंचे थे। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने भी पत्र लिखा और मनोज पंडित की माता के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ओर शोक संतप्त परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने भी समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया एकाउंट पर महानगर उपाध्यक्ष मनोज पंडित की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया और यह व्यक्त कराया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी मनोज पंडित की माता जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# डेंगू के बढ़ते प्रकोप पर स्वास्थ्य विभाग व स्कूल प्रबंधन हुए अलर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद में बारिश के चलते डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इनसे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिला में अलर्ट जारी कर दिया है। तो शिक्षा विभाग ने भी जिला के सभी स्कूल प्रबंधकों को शिक्षा विभाग की गाइडलाइन को फॉलो करने के निर्देश दिए हैं। डेंगू-मलेरिया के बढ़ते प्रकोप के चलते शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को पूरी बाजु की शर्ट व फुल पैंट पहनकर स्कूल आने के लिए कहा है। साथ ही सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान उपस्थित स्कूल विद्यार्थियों को बरसात के दिनों व मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देने के लिए स्कूल प्रबंधनों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए देहात के इलाकों मे जन जागरूकता के लिए भी मुहिम चलाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा विद्यार्थी वर्ग के अभिभावक घरों में भी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता प्रबंध करें। ताकि विद्यार्थी अपना ध्यान पूरा पढ़ाई पर लगा सके। बता दें कि जिले में सरकारी व गैर सरकारी अस्पतालों में अब तक कई मरीजों में मलेरिया व डेंगू के लक्षण देखे गए हैं। वहीं, स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधनों को सचेत कर दिया है और स्कूल परिसर व आसपास पानी जमा होने जैसी समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिए हैं।

### छात्रों को पूरी बाह के कपड़े पहनने के निर्देश

### गाइडलाइन को फॉलो करें स्कूल प्रमुख

**करंट क्राइम ।** नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग व मलेरिया विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधनों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से सचेत किया है। इसके अलावा मलेरिया-डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन को फॉलो करने के लिए स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं। ताकि स्कूलों में विद्यार्थी पूरी तरह से सुरक्षित रह सके।

### तेज बुखार आने पर छात्रों को तुरंत दें छुट्टी

**करंट क्राइम ।** शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधनों को सख्त निर्देश दिए हैं कि अगर स्कूल में किसी भी विद्यार्थी को तेज बुखार हैं तो उसे तुरंत प्रभाव से छुट्टी प्रदान करें और उनके अभिभावकों को डेंगू की जांच करवाने के लिए अपील करें। ताकि समय रहते डेंगू के प्रभाव को कम किया जा सके।

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा नगर निगम अधिकारी लें पूर्व मंत्री के पत्र पर स्वतः संज्ञान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने नगर आयुक्त को पत्र लिखा है और उन्होंने अपने पत्र में उस पत्र का जिक्र किया है जो पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखा लेकिन वो निगम के दफ्तर तक नहीं पहुंचा है। दैनिक करंट क्राइम ने इस समाचार को प्रकाशित किया था और पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने दैनिक समाचार पत्र करंट क्राइम में छपी खबर का हवाला देते हुए लिखा है कि इस खबर में पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी द्वारा कहा गया है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम को ठेके पर न देकर नगर निगम स्वयं किराये पर चलाये। इस विषय को पूर्व मंत्री ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक एकाउंट पर लिखा था। जिसका संज्ञान लेते हुए दैनिक करंट क्राइम द्वारा पहले भी उस विषय पर समाचार प्रकाशित किया गया था। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लिखा है कि यह जानकर अत्यंत कष्ट हुआ कि निगम में बालेश्वर त्यागी का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ और होगा तो उस पर विचार किया जायेगा। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा है कि बालेश्वर त्यागी तीन बार विधायक रहे और वो उत्तर प्रदेश के गृह राज्यमंत्री भी रहे हैं। उनकी छवि बहुत ईमानदार नेता की रही है। यदि ऐसा ईमानदार राजनीति व्यक्ति किसी विषय को उठाता है तो चाहे वो सोशल मीडिया पर ही क्यों ना हो, वरिष्ठ अधिकारीगण वहीं से संज्ञान लेकर उपरोक्त विषय पर सम्भावित कार्यवाही करते हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र में यह कहा है कि निगम अधिकारियों द्वारा यह कहना कि यदि उनका कोई निवेदन पत्र आयेगा तो विचार किया जायेगा, यह पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के सम्मान में एक गुस्ताखी है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने लिखा है कि निगम के अधिकारी अपनी गुस्ताखी में सुधार करते हुए करोड़ो रुपए से निर्मित पंडित दीन दयाल ऑडिटोरियम को आगामी नगर निगम बैठक में खुलवाये जाने व नगर निगम द्वारा स्वयं संचालित किये जाने का प्रस्ताव पारित कराये। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने इस पत्र में लिखा है कि निगम अधिकारियों को इस पत्र पर स्वतः संज्ञान लेना था।

### बालेश्वर त्यागी रहें हैं गृह राज्यमंत्री और उनके सम्मान में नहीं होनी चाहिए कोई गुस्ताखी



# हिंदू आत्मरक्षा जनजागरूकता के लिए आगे आये नगर निगम पार्षद

## भाजपा-कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने की तैयारी बैठक, 02 सितम्बर को ढाई हजार लोगों को लेकर निकालेंगे रैली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बांग्लादेश की घटना के बाद नगर निगम के पार्षद हिंदू आत्मरक्षा जनजागरूकता रैली को लेकर सामने आये। खास बात ये है कि हिंदू स्वयं सुरक्षा संघ संस्था द्वारा आयोजित ये रैली हिंदू आत्मरक्षा जनजागरूकता पर आयोजित होगी। 02 सितम्बर को निकलने वाली इस रैली की तैयारियों को लेकर पार्षदों की एक बैठक हुई और इस बैठक में केवल भाजपा ही नहीं बल्कि कांग्रेस के पार्षद शामिल हुए, निर्दलीय पार्षद शामिल हुए और पार्षदों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रैली के आयोजक और गाजियाबाद नगर निगम के पार्षद थे।

### घंटाघर रामलीला मैदान से शुरू होकर नवयुग मार्किट तक निकलेगी हिंदू आत्मरक्षा रैली

**करंट क्राइम।** हिंदू स्वयं सुरक्षा संघ द्वारा आयोजित की जा रही रैली में नगर निगम के पार्षद आगे हैं। ये रैली 02 सितम्बर को घंटाघर रामलीला मैदान से शुरू होगी ओर नवयुग मार्किट तक निकली जायेगी। इस रैली में बांग्लादेश की घटना को लेकर दुख प्रकट करने के साथ श्रद्धांजलि भी दी जायेगी और इसकी पुनरावृत्ति ना हो इस पर मंथन होगा।

### ठेला पटरी से लेकर मंदिर-गुरूद्वारा वाले भी होंगे रैली में शामिल

**करंट क्राइम।** निगम पार्षद शीतल देओल ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य बांग्लादेश में हो रहे हमलों पर विरोध जताना है। शहरवासियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि यह रैली राजनीतिक नहीं है और इस रैली में सभी संस्थाओं, ठेला, पटरी, व्यापारी, डॉक्टर हिंदु विवाह परिचय संगठन, मंदिर, गुरूद्वारा, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, नेता आदि भागीदारी करेंगे। शीतल चौधरी ने यह भी कहा कि ढाई हजार लोगों का टारगेट रखा गया है। इस रैली में लगभग ढाई हजार लोग शामिल होंगे। इस बैठक में स्वयं हिंदू स्वयं सुरक्षा संघ संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध गर्ग, अनिल सावंरिया, देवेन्द्र हितकारी, प्रवीण शर्मा, आरके गोयल, गौरव गर्ग, अंकित जिदंल मौजूद थे।







### नगर निगम के ये पार्षद रहे बैठक में मौजूद

**करंट क्राइम।** बांग्लादेश के हिंदुओं पर हमले के विरोध में होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर आयोजित की गई बैठक में कांग्रेस पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम, निर्दलीय पार्षद धीरेन्द्र यादव बिल्लु, बसपा पार्षद राधेश्याम त्यागी, पार्षद पवन गौतम, भाजपा पार्षद हिमांशु शर्मा, जय किशन पाल, राज कुमार, उमेश नागर, अजीत मुर्गन, कालीचरण पहलवान, पूर्व पार्षद रवि भाटी, यशपाल पहवान, राजेश पहलवान, प्रतिमा शर्मा, सुमन लता, अजीत निगम, कुंज बिहारी गोस्वामी, विनोद त्यागी, मनोज त्यागी, मुन्नी देवी, उदित मोहन, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद रवि भाटी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



## संपादकीय

# रहने को छत नहीं...

महानगरों की सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि वे हर आदमी को ठिकाना मयस्सर नहीं करा पाते। वहां लोगों को गुजारे का कोई जरिया भले मिल जाए, पर हर किसी को सिर पर छत नसीब नहीं हो पाती। लाखों लोग दिन भर दिहाड़ी करके, रिक्शा-रेहड़ी-ठेला खींच कर या भीख मांग कर किसी तरह गुजारे भर की आमद तो कर लेते हैं, पर रात गुजारने के लिए उन्हें फुटपाथों पर खुले आसमान या उपरिगामी पुलों के नीचे, खाली बंद दुकानों के बाहर कोई जगह तलाशनी पड़ती है। इस तरह इन्हें मौसम की मार तो झेलनी ही पड़ती है, अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के नीचे आकर दम तोड़ देने या अपंग होने का खतरा भी बना रहता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में फुटपाथ पर सो रहे लोगों के ऊपर एक बेकाबू ट्रक के चढ़ जाने की घटना इसकी ताजा कड़ी है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर स्थिति में भर्ती कराना पड़ा। ऐसे हादसों की खबरें कुछ-कुछ समय पर हर महानगर से मिल जाती हैं। हर घटना के बाद सवाल उठता है कि आखिर इस तरह सड़कों के किनारे, फुटपाथों पर सोने वालों के लिए कोई सुरक्षित इंतजाम क्यों नहीं किया जाता।

हालांकि अनियंत्रित वाहनों के सड़कों के बीच की जगहों और फुटपाथों पर चढ़ने से रोकने की गरज से बहुत सारी जगहों पर लोहे की मजबूत बाड़ लगाई जाती है, मगर बहुत सारी जगहों पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई आदि शहरों में सड़कों पर रात में भी आवाजाही लगी रहती है। रात के वक्त शहरों की सड़कें खासकर माल ढुलाई वाले वाहनों के लिए खोल दी जाती हैं। इसके अलावा, बहुत सारे युवा देर रात को शराब पीकर वाहन दौड़ाना अपनी शान समझते हैं। वाहनों के अनियंत्रित होकर फुटपाथों पर चढ़ जाने की घटनाएं अक्सर शराब के नशे में गाड़ी चलाने की वजह से होती पाई गई हैं।

हालांकि दिल्ली में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाती है, इसके बावजूद बहुत सारे वाहन चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना कठिन बना हुआ है। देर रात को उनकी मनमानी और बढ़ जाती है। इससे यातायात व्यवस्था पर तो प्रश्नचिह्न लगता ही है, रोजी-रोजगार की तलाश में हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले लोगों के लिए रहने की व्यवस्था पर भी गंभीरता से विचार की जरूरत रेखांकित होती है। अनेक मौकों पर यह बात कही जाती रही है कि बढ़ते पलायन और महानगरों पर उसके बढ़ते बोझ की वजह से सरकारों के लिए बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना चुनौती है। इसके समाधान की दिशा में गंभीरता से सोचने की जरूरत है। मगर न तो सरकारों ने रोजी-रोजगार के साधनों के विकेंद्रीकरण पर गंभीरता से विचार किया, न महानगरों में सबके रहने के ठिकाने उपलब्ध कराने की व्यावहारिक पहल हो पाई। दिल्ली में रैन बसरे बनाए तो गए, मगर उनकी क्षमता इतनी नहीं है कि लोगों को फुटपाथों पर सोने को मजबूर न होना पड़े।

उनमें भी जरूरी सुविधाओं के अभाव की शिकायतें आती रहती हैं। दरअसल, महानगरों में बेआसरा लोगों के बारे में कोई व्यावहारिक नीति बनाने के बारे में सोचा ही नहीं गया। अगर जगह-जगह, थोड़े शुल्क के साथ भी, धर्मशाला जैसी रात गुजारने की जगहें बना दी जाएं, तो लोगों के जिंदगी जोखिम में डाल कर फुटपाथ पर सोने से काफी हद तक निजात दिलाई जा सकती है।

# पब्लिक एनसीडी के जरिए अदाणी एंटरप्राइजेज जुटाएगी 800 करोड़ रुपये, 4 सितंबर से खुलेगा इश्यू

**अहमदाबाद।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की ओर से गुरुवार को पहले पब्लिक नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) का ऐलान किया गया है। कंपनी की योजना इसके जरिए 800 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाना है। इस ऑफर के तहत 80,00,000 सुरक्षित, लिस्टेड और रिडीमेबल एनसीडी पेश किए जाएंगे। इनकी फेस वैल्यू 1,000 रुपये प्रति एनसीडी होगी। इस इश्यू का बेस साइज 400 करोड़ रुपये का है। साथ ही इसमें 400 करोड़ रुपये का ग्रीन-शू ऑप्शन दिया गया है। इसके कारण इस इश्यू का कुल आकार 800 करोड़ रुपये है। अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी ने बताया कि यह इश्यू 4 सितंबर को खुलेगा और 17 सितंबर को बंद होगा। इस इश्यू को जल्दी बंद करने और समय अवधि आगे बढ़ाने का भी विकल्प रखा



गया है। एनसीडी में आवेदक को न्यूनतम 10,000 रुपये का निवेश करना होगा। इसके बाद 1,000 के गुणज में निवेश कर सकते हैं। इस एनसीडी पर 9.90 प्रतिवर्ष का ब्याज दिया जाएगा और इनकी लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी। कंपनी की ओर से कहा गया है कि इस इश्यू से प्राप्त राशि का (कम से कम 75 प्रतिशत) भुगतान कंपनी द्वारा मौजूदा कर्ज के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान के लिए किया जाएगा। वहीं, बाकी राशि (अधिकतम 25 प्रतिशत) का इस्तेमाल सिक्योरिटीज और एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के नियमों के अनुपालन को पूरा करने के लिए जनरल कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। इन एनसीडी की आठ सीरीज होंगी। इनकी मैच्योरिटी अवधि 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने होगी, जिसमें निवेशक ब्याज का भुगतान प्राप्त करने के लिए तिमाही, संचयी और वार्षिक तीन विकल्प दिए गए हैं। अदाणी ग्रुप के मुख्य वित्तीय अधिकारी जुगेशिंदर सिंह ने कहा कि बिजनेस का आधार मॉडल समान ही रहेगा और मुख्य फोकस रिन्यूएबल एनर्जी पर होगा। केयर रेटिंग्स की ओर से प्रस्तावित एनसीडी को केयर ए+: पॉजिटिव (ए प्लस का मतलब सकारात्मक है।) बाजार पूंजीकरण के हिसाब से एईएल भारत की सबसे बड़ी बिजनेस इनक्यूबेटर है। कंपनी के पोर्टफोलियो में सोलर और विंड मैन्युफैक्चरिंग, रोड और एयरपोर्ट जैसे उभरते हुए बिजनेस हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में अदाणी पोर्टफोलियो का मुनाफा सालाना आधार पर 50.1 प्रतिशत बढ़कर 10,279 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, इस दौरान ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 32.9 प्रतिशत बढ़कर 22,570 करोड़ रुपये हो गया है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल के बावजूद मजबूत रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले समय में मजबूत रह सकती है। हालांकि, हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में नरमी के कारण आउटलुक में थोड़ी कमी हो सकती है। अगस्त की मासिक आर्थिक समीक्षा में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। एनसीएईआर की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंकों की क्रेडिट वृद्धि (खाद्य और गैर-खाद्य) में जून 2024 में नरमी देखी गई है। वहीं, इस दौरान सर्विस सेक्टर के लिए पर्सनल लोन की क्रेडिट ग्रोथ और बैंक क्रेडिट में गिरावट हुई है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पर्चेजिंग मैनेजर्स




इंडेक्स (पीएमआई) में जुलाई 2024 में हल्की गिरावट हुई है लेकिन सर्विस और मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि जारी है। हाल ही में जारी हुए डेटा के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई गिरकर 57.9 पर आ गया है, जो कि पहले 58.1 था। वहीं, सर्विस पीएमआई 60.3 से बढ़कर 60.4 हो गया है। इस कारण संयुक्त पीएमआई में गिरावट देखने को मिली है और यह गिरकर 60.5 पर आ गया है, जो कि पहले 60.7 पर था। रिपोर्ट में बताया गया है कि खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी आने के कारण जुलाई 2024 में महंगाई में कमी देखने को मिली है। जुलाई में खुदरा महंगाई दर 3.54 प्रतिशत पर थी, जो कि 59 महीने या करीब 5 साल का खुदरा महंगाई दर का सबसे न्यूनतम स्तर है। इस दौरान थोक महंगाई दर 2.04 प्रतिशत थी, जो जून में 3.36 प्रतिशत थी। यह थोक महंगाई का तीन महीने का सबसे निचला स्तर है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत थी।


# भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 334 हुई

## गौतम अदाणी और उनका परिवार शीर्ष पर

**मुंबई।** भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़कर 334 हो गई है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 75 अधिक है। गुरुवार को जारी की गई '2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट' में यह जानकारी दी गई है। '2024 हुरुन इंडिया रिच लिस्ट' के मुताबिक, गौतम अदाणी और उनका परिवार 11.6 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ शीर्ष पर है। उनकी संपत्ति में रिकॉर्ड 95 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। इस लिस्ट में मुकेश अंबानी 10,14,700 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। एचसीएल टेक्नोलॉजी के शिव नादर और उनके परिवार इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर है, जिनकी कुल संपत्ति 3,14,000 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में बताया गया है कि देश में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति वाले लोगों की संख्या 1,539 है।

इसमें 220 नए नाम जुड़े हैं। वहीं, सात वर्षों में इसमें 150 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। इसमें फैमिली बिजनेस, स्टार्टअप संस्थापक, प्राइवेट इक्विटी इन्वेस्टर, फिल्म स्टार और एंजेल इन्वेस्टर आदि का नाम शामिल है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पिछले साल देश को हर पांचवें दिन एक नया अरबपति मिला। बीते वर्ष भारत में अरबपतियों की संख्या में 29 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसके कारण अरबपतियों की संख्या बढ़कर 334 हो गई है।

चीन में अरबपति कारोबारियों की संख्या में 25 प्रतिशत की गिरावट हुई है। हुरुन इंडिया के संस्थापक और चीफ रिसर्चर अनस रहमान जुनैद ने कहा कि भारत 'वेल्थ क्रिएशन के ओलंपिक' में लगातार गोल्ड अर्जित कर रहा है। इस लिस्ट में मौजूद 70 प्रतिशत लोगों की कुल वेल्थ 1.5 ट्रिलियन डॉलर है, जो कि देश की जीडीपी का एक-तिहाई हिस्सा है। साथ ही कहा कि इस लिस्ट में आने वाले नए अरबपतियों में से 64 प्रतिशत अपने बल पर अरबपति बने हैं।



## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

संता ने बंता से पूछा - अच्छा बताओ अधूरे सपने पूरे करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?
बंता ने कहा - आसान है यार, फिर से सो जाना चाहिए।

---

सेठ (नौकर से) - जरा देखना... कितना टाइम हो रहा है?
नौकर - मुझे टाइम देखना नहीं आता।
सेठ - अच्छा कोई बात नहीं, ये देखकर बताओ कि बड़ी सुई कहां है और छोटी सुई कहां है?
नौकर - दोनों सुइयां घड़ी के अंदर है।

---

आज तो चमत्कार हो गया मोनू...
मोनू - क्या हुआ?
सोनू - खीर का कटोरा मुंह से लगाया तो दूध पेट में और चावल कटोरी में रह गए।
मोनू - ऐसा कैसे हो गया?
सोनू - जल्दी-जल्दी में मैं मास्क उतारना ही भूल गया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अगर हम प्रकाश की गति से अपनी नजदीकी गैलेक्सी पर जाना चाहे तो हमें 20 साल लगेगें।
- अगर धरती का आकार एक मटर जितना कर दें तो बृहस्पति इससे 300 मीटर दूर होगा और प्लुटो 2.5 किलोमीटर। मगर प्लुटो आपको दिखेगा नही क्योंकि तब इसका आकार एक बैक्टीरिया जितना होगा।
- विश्व के विद्युत उत्पादन का एक तिहाई सिर्फ बल्बों के द्वारा प्रकाश पाने में खर्च होता है।
- अभी तक उल्का पिंड द्वारा सिर्फ एक ही बनावटी उपग्रह नष्ट किया गया है।
- जिराफ 24 घंटों में सिर्फ 20 मिनट ही सोते है। वे 2 घंटे तक भी सो सकते है पर ऐसा बहोत कम देखने को मिलता है।
- एक ब्लड सेल को शरीर का चक्कर लगाने में 60 सेकंड लगते है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- हाथ मिलाने से जितने कीटाणु / जीवाणु नही फैलते उस से ज्यादा किस करने से फैलते है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ओज रस के राष्ट्रीय कवि स्वर्गीय कृष्णमित्र जी के पड़पौत्र, पूर्व पार्षद हिमांशु लव के सुपौत्र तथा युवा नेता मनु वशिष्ठ के पुत्र अगस्त्य के हैप्पी बर्थडे का जश्न सबसे अलग रहा। नन्हे राजकुमार को बधाई शुभकामनाए आशीर्वाद शुभाशीष देने वालो का एक सिलसिला चलता रहा। इन सबके बीच पापा बेटे की हैप्पी केमिस्ट्री हैप्पी बर्थडे पर दिखाई दी। अगस्त्य के हैप्पी बर्थडे पर उनके पापा मनु वशिष्ठ ने स्पेशल लव के साथ भगवान भोलेनाथ से कृपा का स्पेशल आशीर्वाद मांगा।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# मैं मात्र 16 साल की थी जब पीएम मोदी ने मुझसे कहा था मेरा भविष्य उज्जवल है : मनु भाकर





**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर भारतीय ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बातचीत को याद किया और उनके द्वारा एथलीटों को दी जाने वाली प्रेरणा पर अपना नजरिया पेश किया। 22 वर्षीय मनु ने पेरिस ओलंपिक में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। ये युवा निशानेबाद स्वतंत्रता के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। साथ ही, मनु खेलों में व्यक्तिगत निशानेबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी बनीं। ये युवा निशानेबाद सिर्फ 16 साल की थीं जब उन्होंने 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता और पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की थी। मनु ने यह पुराना किस्सा याद करते हुए बताया, उस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने मुझसे कहा, 'तुम बहुत युवा हो। तुम इससे भी बड़ी सफलता हासिल करोगी और जब भी तुम्हें किसी चीज की जरूरत हो, तुम मुझसे संपर्क करना। उनके यह शब्द मेरे लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत था। न केवल सफलता के मौकों पर बल्कि असफलता पर भी पीएम मोदी ने मनु का साथ दिया। जब टोक्यो ओलंपिक में कुछ तकनीकी खराबी के कारण मनु पदक जीतने से चूक गईं थीं, जब पीएम ने उन्हें प्रोत्साहित किया और उनकी भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। मनु ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने मुझे आत्मविश्वास से भरे रहने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उनकी यह खासियत है कि वह प्रत्येक खिलाड़ी के बारे में हर बात पर नजर रखते हैं। पिस्टल शूटर का मानना है कि पीएम मोदी का दृष्टिकोण सिर्फ जीत का जश्न मनाने तक नहीं है, बल्कि वह परिणाम की परवाह किए बिना हर एथलीट को प्रोत्साहित करने और उसका समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मनु ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना पहला पदक जीता, जिसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे फोन पर बात की और उन्हें बधाई दी। इसके बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ मिश्रित 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीता और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल मंत्री ने देशवासियों को दी खास सलाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने खेल दिवस पर नेशनल स्टेडियम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित की। भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिसकी शुरूआत साल 2012 में हुई थी। इस कार्यक्रम में केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी उपस्थित थीं। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, मंडाविया और खडसे फिटनेस और खेल के संदेश को बढ़ावा देने के लिए जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम गए। सभा को संबोधित करते हुए, खेल मंत्री ने कहा, हमें 2047 में अपनी स्वतंत्रता के 100 साल पूरे होने पर अपने देश को 'विकसित भारत' बनाना है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जो खेलेंगे, वो खिलेंगे' के दृष्टिकोण के अनुरूप, हम सभी को खेलों को सक्रिय रूप से अपनाना चाहिए। विश्व स्तर पर सबसे युवा देशों में से एक के रूप में खेलों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखना हमारी प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। मंडाविया ने फिजिकल एक्टिविटी पर जोर देते हुए साइकिल चलाने की वकालत की। उन्होंने कहा, साइकिल चलाना न केवल सबसे अच्छा व्यायाम है, बल्कि छोटी दूरी के लिए परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल तरीका भी है। यह ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के खिलाफ एक शक्तिशाली उपकरण है। साइकिल चलाना प्रदूषण का सबसे अच्छा समाधान है। दोनों मंत्रियों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अधिकारियों के साथ एक फ्रेंडली मैच में भाग लिया। जेएलएन स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में इंडोर और आउटडोर खेल गतिविधियों की विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। सामूहिक उत्साह का प्रदर्शन करते हुए, साई के लगभग 700 कर्मचारियों ने दिन के खेल आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

# 'कसा आहे भाऊ?', जब पीएम मोदी ने ओलंपिक पदक विजेता स्वप्निल कुसाले को उनकी मातृभाषा में दी बधाई



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले स्वप्निल कुसाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऑब्जरवेशन पावर से मंत्रमुग्ध हैं। चाहे बात एक खिलाड़ी को सपोर्ट करने की हो, देश में खेलों को बढ़ावा देने की बात हो, इन सभी मामलों में पीएम आगे रहते हैं। खेलों के प्रति उनका लगाव किसी से छुपा नहीं है। स्वप्निल कुसाले ने भी पीएम मोदी से जुड़ा एक किस्सा शेयर किया। स्वप्निल ने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद उनकी मातृभाषा मराठी में उनसे बातचीत की थी। स्वप्निल कुसाले ने कहा, जब मैंने पेरिस में मेडल जीता तो पीएम मोदी का मेरे पास फोन आया था। उनका पहला शब्द था 'कसा आहे भाऊ?' ये मेरी मातृभाषा है और उनका इस अंदाज में बात करना मेरे लिए बहुत खास था और इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने मुझसे कहा कि आपने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। पूरे देश को आप पर गर्व है। स्वप्निल ने एक पुराना किस्सा भी शेयर किया, जब पेरिस रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने अपने आवास पर खिलाड़ियों से बातचीत की थी। उन्होंने बताया कि इस बातचीत के दौरान मैं बहुत पीछे बैठा हुआ था लेकिन जब मेरी पीएम से फोन पर बात हो रही थी, तब उन्होंने मुझसे कहा कि मैंने पिछली मुलाकात में आपको नोटिस किया था और आप काफी चुपचाप और शांत बैठे थे।

स्वप्निल ने कहा, मैं ये सुनकर हैरान रह गया था। और यह सोच रहा था कि पीएम कितनी छोटी-छोटी चीजों को भी नोटिस करते हैं। वो खिलाड़ियों से जुड़ी छोटी-छोटी चीजों को नोटिस करते हैं, यह सराहनीय है। स्वप्निल ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में कांस्य पदक जीता। वह इस स्पर्धा में मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। इससे पहले शनिवार को आईएएनएस के साथ विशेष बातचीत में कुसाले ने प्रधानमंत्री मोदी के उन शब्दों को याद किया, जो उन्होंने इस महीने की शुरूआत में पेरिस में पदक जीतने के बाद कहे थे। कुसाले ने आईएएनएस से कहा, प्रधानमंत्री मोदी से बात करने के बाद मुझे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा महसूस हुई। जब मुझे उनका फोन आया, तो उन्होंने मराठी में मेरा अभिवादन किया और उनकी बातें सुनकर मुझे बहुत अच्छा लगा। वह हर एथलीट को जानते हैं और हर एथलीट पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं तथा हर किसी की जरूरतों का ख्याल रखते हैं। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि खेलों से पहले प्रधानमंत्री के घर की हमारी यात्रा के दौरान उन्होंने मुझे नोटिस किया था।

# यूटीटी : यू मुंबा का सामना चेन्नई से, दबंग दिल्ली की होगी पुणेरी पल्टन से टक्कर



**चेन्नई।** यू मुंबा टीटी अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024 मुकाबले में शुक्रवार को रोमांचक डबल हेडर खेला जाएगा। यू मुंबा जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में अपने अल्टीमेट टेबल टेनिस टूर्नामेंट 2024 के मुकाबले में आठवें स्थान पर काबिज चेन्नई लायंस के खिलाफ अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को मजबूत करना चाहेगी। शुक्रवार को होने वाले मुकाबले में डबल हेडर की वापसी होगी, जिसमें दबंग दिल्ली टीटीसी का मुकाबला पुणेरी पलटन टेबल टेनिस से होगा। अपने तीन मुकाबलों में से एक में जीत के बावजूद, यू मुंबा टीटी अपने व्यक्तिगत गेम जीतने की बदौलत तालिका में तीसरे स्थान पर है। मुंबई की टीम ने अब तक अपने 15 में से सात मैच जीतकर 21 अंक हासिल किए हैं। दूसरी ओर, चेन्नई लायंस 12 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है, जिसने एक गेम कम खेला है। इस बीच, दबंग दिल्ली और पुणेरी पल्टन दोनों ही एक-एक मैच जीतकर प्लेऑफ स्पॉट पक्का कर सकती है। यू मुंबा टीटी और चेन्नई लायंस के बीच मुकाबले में कई रोमांचक मैच होने की संभावना है, जिनमें भारतीय टेबल टेनिस के उभरते सितारों में से एक मानव ठक्कर और दिग्गज खिलाड़ी अचंत शरत कमल के बीच मुकाबला भी शामिल है। इसके बाद, दबंग दिल्ली का पुणेरी पलटन के साथ मुकाबला होगा, जिसमें जी सत्यन की वापसी होगी और संभावित रूप से उनका मुकाबला अंकुर भट्टाचार्य के साथ हो सकता है। इस मुकाबले में पुणेरी पल्टन की दिग्गज खिलाड़ी अहिका मुखर्जी का मुकाबला दबंग दिल्ली की ओरावन परनांग से हो सकता है, जो हाल ही में यूटीटी इतिहास में यांगजी लियू को हराने वाली एकमात्र खिलाड़ी बनी हैं। यू मुंबा टीटी और चेन्नई लायंस के बीच मुकाबला शाम 5 बजे होगा। इस बीच, पुणेरी पल्टन के साथ दबंग दिल्ली का मुकाबला 7:30 बजे के बाद शुरू होगा।

### टीमें

चेन्नई लायंस बनाम यू मुंबा टीटी चेन्नई लायंस : अचंत शरथ कमल, सकुरा मोरी (जापान), जूल्स रोलैंड (फ्रांस), पोयमंती बैस्या, मौमा दास, अभिनांध पीबी
यू मुंबा टीटी : मानव ठक्कर, सुतीर्था मुखर्जी, अरुणा कादरी (नाइजीरिया), आकाश पाल, काव्याश्री बस्कर, मारिया जिओ (स्पेन)
दबंग दिल्ली टीटीसी बनाम पुनेरी
दबंग दिल्ली टीटीसी : जी सत्यन, ओरावन परानांग (थाईलैंड), दीया चितले, एंड्रियास लेवेंको (ऑस्ट्रिया), यशांश मलिक, लक्षिता नारंग
पुनेरी पलटन : अहिका मुखर्जी, नतालिया बाजोर (पोलैंड), जोआओ मोंटेरो (पुर्तगाल), अंकुर भट्टाचार्य, अनिर्बान घोष, याशिनी शिवशंकर

# घुड़सवार अनुष अग्रवाल ने कहा, 'पीएम मोदी से मिले पत्र ने ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया'



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारतीय घुड़सवार और ओलंपियन अनुष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने यादगार और प्रेरक अनुभव साझा किए। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रत्येक एथलीट को, जिसमें वो खुद भी शामिल हैं प्रधानमंत्री की ओर से एक विशेष पत्र मिला था। इस पत्र में उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी थीं और उन्हें किसी भी तरह की सहायता के लिए सीधे उनसे संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया था। 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद उन्होंने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की और एक यादगार पल साझा किया। अनुष ने कहा, एथलीटों को पेरिस ओलंपिक से महीनों पहले पीएम मोदी से पत्र मिले, जिसमें हमें किसी भी तरह की मदद के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे हमारा मनोबल बढ़ा। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से जुड़ा एक अनचाहा किस्सा याद किया जब खिलाड़ियों को बहुत ज्यादा गर्मी का सामना करना पड़ा था। इस पर भारत सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए एयर कंडीशनर की व्यवस्था की थी। अनुष ने बताया, यहां तक कि ओलंपिक विलेज में बस सेवा के साथ भी मेरा शेड्यूल क्लैश कर रहा था और भारतीय ओलंपिक संघ ने मेरी परेशानियों को दूर करते हुए मेरे लिए विशेष रूप से एक कार उपलब्ध कराई थी। ओलंपिक से पहले प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई बातचीत का एक किस्सा अनुष ने शेयर किया। उन्होंने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री ने एक अनोखे तरीके से एथलीटों के बीच एक उम्र और अनुभव की दीवार को कम किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कुछ सवाल पूछे, 'आप में से सबसे युवा कौन है? आप में से कितने पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं? यहां पर किसे 2 या 3 ओलंपिक का अनुभव है?' अनुष ने बताया, वह चाहते थे कि अनुभवी एथलीट जूनियर खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा करें। पूरा कमरा एक नए उत्साह से भर गया था। अन्य खेलों की तुलना में भारत में घुड़सवारी का कम महत्व होने के बावजूद, अनुष ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनके प्रति वैसा ही सम्मान और चिंता दिखाई, जैसा वे दूसरों के प्रति रखते हैं। पेरिस ओलंपिक में अपने घोड़े सर कैरमेलो ओल्ड के साथ भारत के एकमात्र घुड़सवार अनुष ड्रेसेज ग्रां प्री व्यक्तिगत क्वालीफायर राउंड में ग्रुप ई में नौवें स्थान पर रहे। लेकिन भारतीय घुड़सवार के लिए यह अभी भी एक अच्छी उपलब्धि थी, क्योंकि अनुष अग्रवाल देश के लिए कोटा प्राप्त करने के लिए न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार प्राप्त करने के बाद ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में ड्रेसेज में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय बन गए।

# डेथ ओवरों में छक्के लगाना काफी आसान था : मयंक गुसाईं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित दिल्ली प्रीमियर लीग में अपने पिछले मैच में शानदार जीत दर्ज करने वाली पुरानी दिल्ली 6 के बल्लेबाज मयंक गुसाईं के अनुसार डेथ ओवरों में छक्के लगाना काफी आसान था। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए उन्होंने सिर्फ 12 गेंदों में 40 रन बनाए थे। पुरानी दिल्ली 6 ने मंगलवार को नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 20 रन से हराकर दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। पुरानी दिल्ली 6 को 190 रन के आंकड़े तक पहुंचाने में मयंक की पारी ने अहम भूमिका निभाई। डेथ ओवर पर बोलते हुए मयंक ने कहा कि, छक्के जड़ना मुश्किल नहीं था, मैंने इसके लिए बहुत अभ्यास किया है और मुझे खुशी है कि कल का दिन अच्छा रहा। मैं खुद को एक अच्छा फिनिशर मानता हूं और टीम में भी मुझे यही भूमिका दी गई है। मैं चीजों को सरल रखता हूं और बस गेंद को अच्छे से देखकर उसे मारता हूं। उन्होंने आगे कहा की, हां टीम को वह गति मिल गई है जिसकी हमें सबसे ज्यादा जरूरत थी। सभी लड़के अच्छे फॉर्म में दिख रहे हैं। देखा जाए तो सब कुछ वास्तव में अच्छा चल रहा है, अब हमें बस अगले मैच का इंतजार है। मैच की बात करें तो अर्पित राणा, 42 (26 गेंद) और सनथ सांगवान ने 47 (28 गेंद) रनों की धुआंधार पारी खेली तो मयंक गुसाईं ने 5 छक्के लगाकर पुरानी दिल्ली 6 को 20 ओवरों में 192 तक पहुंचने में मदद की। वहीं आयुष सिंह ने टीम के लिए पांच विकेट झटके, जिससे टीम ने आसान जीत दर्ज की। पुरानी दिल्ली 6 के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी। फिलहाल टीम 6 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। उनका अगला मुकाबला गुरुवार को ईस्ट दिल्ली राइडर्स से होगा।

# वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज शैनन गेब्रियल ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 2012 में अपने करियर का आगाज करने वाले गेब्रियल ने 59 टेस्ट, 25 वनडे और दो टी20 में वेस्ट इंडीज का प्रतिनिधित्व किया था और इस दौरान उनके नाम 202 अंतर्राष्ट्रीय विकेट हैं। गेब्रियल ने संन्यास की जानकारी बुधवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिये दी। उन्होंने कहा, पिछले 12 सालों से मैंने खुद को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया था और इस दौरान क्रिकेट के सर्वोच्च स्तर पर खेलना मेरे लिए सबसे बेहतरीन था। अपने पसंदीदा खेल में वेस्ट इंडीज का प्रतिनिधित्व करना मुझे बहुत खुशी देता है। लेकिन जैसा कहा जाता है कि हर चीज का अंत आता है, लिहाजा आज मैं भी अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर से संन्यास ले रहा हूं। शैनन गेब्रियल ने संन्यास की घोषणा के बाद कहा, सबसे पहले मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं और साथ ही अपने परिवार का भी शुक्रगुजार हूं जिसने इस दौरान मेरा हर कदम पर साथ दिया। इसके अलावा मैं क्रिकेट वेस्ट इंडीज , मेरे कोच और सभी स्टाफ का भी आभारी हूं। शब्दों में मैं उनके योगदान को नहीं समेट सकता जिन्होंने सालों तक मेरा साथ दिया। अंत में मैं अपने उन सहयोगियों को भी धन्यवाद देना चाहूंगा जो हर पल मेरे साथ थे और उन्होंने मेरे इस सफर को यादगार बनाया। मैं ये भी कहना चाहूंगा कि आगे मैं अपने देश (त्रिनिदाद और टोबैगो), क्लब और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टीम के लिए उसी प्यार और समर्पण के साथ खेलना जारी रखूंगा जैसे अपने पूरे करियर में करता आया हूं। गेब्रियल को टेस्ट में कामयाबी उनकी लंबाई और ताकत ने दिलाई , अक्सर बेजान पिचों पर भी गेब्रियल खासा प्रभावशाली हुआ करते थे। उनके नाम पर संन्यास की घोषणा के बाद वेस्ट इंडीज के लिए चौथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज है। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू धरती पर उन्होंने 121 रन देकर टेस्ट मैच में 13 विकेट झटके थे। ये कारनामा उन्होंने जून 2018 में किया था। उनकी रफ़्तार और उछाल ऐसी थी किवेस्ट इंडीज के दिग्गज तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श ने उनकी तुलना पैट्रिक पैटरसन और इयान बिशप से की थी। हालांकि कुदरती तौर पर मिले इस तोहफे को उन्हें निरंतरता के साथ मैदान पर प्रभाव डालने में थोड़ा समय लगा। आखिरकार 2017 से वह टीम के नियमित सदस्य हो गए और उस टीम का भी हिस्सा रहे जिसने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। गेब्रियल के टेस्ट करियर का एक और न भूलने वाला पल उनके बल्ले से भी आया था, जब डॉमिनिका में पाकिस्तान के खिलाफ वेस्ट इंडीज के नौ विकेट गिर गए थे। टेस्ट और साथ ही साथ सीरीज ड्रॉ कराने के लिए सात गेंदें बची थी। लेकिन वह बड़ा शॉट खेलने गए और बोल्ड हो गए। ये बस उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच मिलने के 10 दिन बाद ही हुआ था, जब उन्होंने दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ वेस्ट इंडीज को जीत दिलाई थी। गेब्रियल को 2019 में मुश्किलों का भी सामना करना पड़ा जब उन्हें चार वनडे के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।



# पीएचएफ ने तीन हॉकी खिलाड़ियों और फिजियो पर आजीवन प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने राष्ट्रीय टीम के तीन खिलाड़ियों और एक फिजियोथेरेपिस्ट पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि उन्होंने महासंघ की जानकारी के बिना अपने कर्तव्यों से पीछे हटकर देश छोड़ दिया था और यूरोपीय देश में शरण मांगी थी। यह जानकारी तब आई है जब यह खिलाड़ी चीन में होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए इस्लामाबाद में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल नहीं हो पाए। बुधवार को आयोजित एक इमरजेंसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएचएफ सचिव राणा मुजाहिद ने खुलासा किया कि खिलाड़ी मुर्तजा याकूब, इहतेशाम असलम और अब्दुर रहमान, फिजियो वकास के साथ पिछले महीने नेशंस कप के लिए हॉलैंड और पोलैंड का दौरा करने वाली राष्ट्रीय टीम का हिस्सा थे। मुजाहिद ने कहा, यूरोप से टीम के साथ लौटने पर उन्होंने हमें बताया कि घरेलू मुद्दों के कारण वे इस्लामाबाद में प्रशिक्षण शिविर में शामिल नहीं हो पाएंगे। मुजाहिद ने बताया की कि पीएचएफ कांग्रेस ने खिलाड़ियों और फिजियो के लिए आजीवन प्रतिबंध को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है, उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की हरकतों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महासंघ नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई शुरू करने के लिए आंतरिक मंत्रालय को भी सूचित करेगा। स्थिति के बारे में पूछे जाने पर मुजाहिद ने स्वीकार किया कि पीएचएफ की वित्तीय स्थिति खराब थी और खिलाड़ियों को यात्रा भत्ते और दैनिक निर्वाह भुगतान मिलने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, लेकिन इन मुद्दों के कारण राष्ट्रीय टीम को छोड़ना और देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करना उचित नहीं था।

# शाहीन आफरीदी दूसरे टेस्ट के लिए टीम से बाहर



**रावलपिंडी।** शाहीन आफरीदी को बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम में जगह नहीं मिली है। हालांकि पाकिस्तान के मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने 'ड्रॉप' शब्द का उपयोग नहीं किया लेकिन कहा कि आफरीदी अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट के एक दिन पहले 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें लेग-स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। शाहीन आफरीदी को जगह न मिलने पर जेसन गिलेस्पी ने कहा , शाहीन ये मैच नहीं खेल पा रहे हैं, हमने उनके साथ काफी देर बातचीत की और उन्होंने सारी बातों को समझा और हमारे फैसले की तारीफ की। शाहीन को कुछ सलाह दी गई है और वह उन चीजों पर काम कर रहे हैं ताकि वह जल्द से जल्द असरदार हों। अजहर महमूद के साथ वह पूरी शिद्दत के साथ मेहनत कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि शाहीन अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें। हमें हर फॉर्मेट में काफी क्रिकेट खेलना है और उन सभी फॉर्मेट में शाहीन का योगदान महत्वपूर्ण होगा। शाहीन का फॉर्म, खासतौर से सबसे लंबे फॉर्मेट में पाकिस्तान के लिए पिछले एक साल से चिंता का सबब है। ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजी के अनुकूल परिस्थितियों में भी उनकी औसत 41 से ज्यादा की थी और उन्होंने पिछले टेस्ट में 96 रन देकर दो निचले क्रम के विकेट लिए थे। उनकी रफ़्तार, जो उनके करियर की शुरूआत में नियमित रूप से 140 के आस-पास थी, अब वैसी नहीं रह गई। पिछले हफ़्ते, वह पिता भी बन गए हैं, लेकिन उनके टीम में न होने के पीछे इसे कारण नहीं बताया गया है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक संपन्न

## हिंडन को प्रदूषण मुक्त बनाना है इसके लिए हर सम्भव प्रयास करें: जिलाधिकारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट गाजियाबाद में जिलाधिकारी गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई।

**संबंधित अधिकारी शीघ्र पूर्ण करें जियो टैगिंग का कार्य: जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह**

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद द्वारा वृक्षारोपण जन अभियान वर्ष 2024 के अन्तर्गत कराये गये कार्यों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कार्यदायी विभागों को वृक्षारोपण स्थलों की सफलता पूर्वक शत-प्रतिशत जिओ टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

**संबंधित अधिकारीगण आगामी बैठक में हिंडन नदी को प्रदूषित करने वालों एवं उन पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट करें प्रस्तुत: डीएम**

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिला परियोजना अधिकारी गाजियाबाद को निर्देशित किया कि हिंडन नदी पुनरुद्धार एवं नदी जल संरक्षण की जन जागरूकता हेतु अन्य विभागों एवं गणमान्यों के सहयोग से एक कार्य परियोजना तैयार कर आगामी माह की बैठक में प्रस्तुत करेंगे। बैठक के दौरान उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि वह जनरल मैनेजर जलकल विभाग नगर निगम से सम्बन्ध स्थापित करके जनपद में जितने भी नाले अनटैप्ड हैं उनका विवरण एवं टैप्ड करने की कार्ययोजना बनाकर आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे। जनपद में क्रियाशील एस०टी०पी० की मैपिंग करायी जाये जिसमें उनके अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र भली-भांति प्रदर्शित हो। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी उ०प्र० प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देशित किया गया कि हिण्डन नदी में औद्योगिक इकाईयों द्वारा उत्प्रवाह करने वाली औद्योगिक इकाईयों पर की गयी कार्यवाही की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रभागीय निदेशक कार्यालय को सौंपी जायें। हमें हिण्डन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास करना है।

**पर्यावरण को शुद्ध बनाने में जनपदवासी करें सहयोग: जिलाधिकारी**

बैठक में जिला पर्यावरण समिति से सम्बंधित समीर ऐप पर लम्बित शिकायतों का सम्बन्धित विभागों द्वारा शीघ्र अतिशीघ्र निस्तारण किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में डस्ट कंट्रोल ऐप पर अधिक से अधिक निर्माण इकाईयों का पंजीकरण कराये जाने तथा दिये गये निर्देशों की अवमानना करने वाली इकाईयों पर उनके विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही का ब्यौरा आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। पर्यावरण से संबंधित अन्य मुद्दों जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक, सड़कों के साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, खुले में कूड़ा तथा जनपद में जगह-जगह कूड़ा निस्तारण हेतु किये जा रहे कार्यों आदि के बारे में भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने गाजियाबाद की जनता से अपील की है कि जनपद को प्रदूषण मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान कीजिए। बैठक में प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद, उप प्रभागीय वनाधिकारी सामाजिक वानिकी प्रभाग गाजियाबाद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों तथा नामित सदस्यों ने हिस्सा लिया।




### बेईमानी के इजाफे वो मांग रहे हैं साहब वाले भी लिफाफे

वो आये तो थे ईमानदारी के नाम पर मगर जीतने के बाद उनकी बेईमानी के किस्से पूरे वार्ड की जुबान पर हैं। सीन ये है कि बड़े मियां तो बड़े मियां छोटे मियां सुभान अल्ला वाला हल्ला पूरे शहर में है। कोई इसे अलीबाबा 40 चोर की कहानी बताता है तो कोई कहता है कि चालीस से तो ज्यादा है वो और वो चोर नहीं हैं वो तो कमीशनखोर हैं। बहरहाल वोटों से जो जीते हैं उनकी जो नोटों वाली हसरतें बढ़ती जा रही हैं और तमन्ना दो से तीन और तीन से पांच पर आ गई। जब जांच की कोई आंच ही नहीं है तो फिर खुला खेल गाजियाबादी चल ही रहा है। बताने वाले ने बताया कि साहब फुल्ली ईमानदार और फुल्ल वाले फुल बेईमान। हद तो तब हो गई जब टेंडर वीर ने बताया कि एक नया तीर और जान को आ रहा है। उन्हे पता है कि साहब तो ले नही रहे लेकिन हद ये है कि वो साहब वाले लिफाफे में भी हिस्सेदारी चाहते हैं। सरकारी बाबुओं के पास जाकर टटोल रहे हैं कि सिस्टम में साहब का लिफाफा कितने का है और एक दो जगह तो बोल भी चुके हैं कि जब साहब नही ले रहे हैं तो उन लिफाफो को हम में क्यों नहीं बांट देते। वैसे भी तुम दे ही क्या रहे हो, पांच देने हैं मगर उसमें भी पूरे तीन पांच करने के बाद देते हो।

### जो करता था बुलडोजर की हिमायत वो क्यों मांग रहा है रियायत

जो साहिल पर बैठ कर तूफ़ां का नजारा कर रहे थे अब उनकी कश्ती भंवर में हैं तो वो सिस्टम को कोस रहे हैं। जब बाबा का बुलडोजर गरज रहा था तो वो इसे जस्टिस बता रहे थे और जश्न मना रहे थे। कहते हैं कि कई बार चीजे लौट कर आती हैं और कुछ अहसास करा कर जाती हैं। उन्होंने भी चार ईंटे लगाकर कुछ विकास किया था और उनका विकास पता नही कैसे विकास प्राधिकरण वालों की निगाह में आ गया। वो दूसरों के आशियाने पर चलते बुलडोजर को देख कर ताली बजाते थे और कहते थे कि रामराज आ गया। लेकिन जब बुलडोजर उनके ही विकास तक आ गया तो वो विनाश बता रहे हैं। कल तक बुलडोजर की हिमायत करने वाले अब अपने लिये रियायत चाहते हैं। वो पूरी भागदौड़ कर रहे थे कि बुलडोजर ना चले और निर्माण सील हो जाये। लेकिन फूल वालों ने उनकी कोई हिमायत नहीं की और प्राधिकरण वालों ने कोई रियायत नहीं की। फूल वाले काम नही आये और प्रोजेक्ट धूल में मिल गया। अब सुना है कि बुलडोजर का हिमायती पानी पी पी कर बुलडोजर वाली सरकार को दिल से कोस रहा है।

### जीरो मानों चांस बिकॉज ना 9 मन ऑयल होगा ना राधा करेगी डांस

हैंडपंप वाले सरदार जी का सियासी कैरियर बेदाग और गैरविवादित हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि उन्होंने साहस के साथ चुनाव लड़ने की बात कही और इस दिशा में प्रयास भी किया। उन्होंने कहा भी कि टिकट तो दो मैं जीत कर दिखाऊंगा। जीतने वाली बात पर फूल वाले ने ही कहा कि सरदार जी कौन सा अनोखा जीत कर दिखायेंगे। यहां तो ऐसे ऐसे जीत गये जिनके घर वालों को पूरा यकीन था कि ये ना जीतने का। सर्वे रिपोर्ट में खोट थे लेकिन पार्टी ने टिकट दिया और उन्हे वोट भी मिले। सरदार जी ने अपने हाईकमान से गुजारिश की गठबंधन वाले बड़े भाई से टिकट ले आओ। हैंडपंप वाले और फूल वालों ने कहा कि सरदार जी भले आदमी हैं। ऐसा तो होता ही बाई चांस है क्योंकि दावेदारी का ना तो 9 मन ऑयल होगा और ना ही टिकट वाली राधा डांस करेगी।

## हापुड़ में डेंगू ने दी दस्तक

# जांच में दो साल के बच्चे समेत 5 लोगों में हुई पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

**हापुड़।** जिले में डेंगू ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिए गए नमूनों में से पांच लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू के मरीज मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। अधिकारियों ने टीम बनाकर सर्वे में तेजी ला दी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने पांचों मरीजों के घरों में जाकर सर्वे किया और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच की।



**रुक-रुककर जिले में हो रही बारिश**

बारिश के मौसम के बाद मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर जिले में बारिश हो रही है। जिससे कई जगहों पर नालियों के किनारे और झाड़ियों में पानी का भराव हो रहा है, जिसमें लार्वा पनपकर डेंगू के मच्छर पैदा हो रहे हैं। हालत यह हैं कि बिना पंखे या दवाई के मच्छरों की रोकथाम नहीं हो पा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी सतेंद्र कुमार जिला अस्पताल की पैथोलाजी लैब में पहुंचे। वहां पर 16 डेंगू के संदिग्ध मरीजों के खून के नमूने की एलाइजा जांच कराने को रखे हुए थे। नमूनों की जांच की तो उनमें से 5 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई।

**इसमें हुई डेंगू की पुष्टि**

इन मरीजों में गांव गोयना में एक मरीज, गांव सरावा में एक, गांव असौड़ा में एक, पिलखुवा में एक और एक प्रीत विहार कालोनी का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि सभी मरीजों के घरों में जाकर उनके परिजनों के स्वास्थ्य की जांच करा दी गई है। 100 मीटर के दायरे में दवाइयों का छिड़काव, फॉगिंग भी कराई गई है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में डेंगू के मरीजों की संख्या पांच हो गई है।

## नोएडा प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा, सोरखा गांव में हो रहा है अवैध निर्माण

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर-113 क्षेत्र में नोएडा प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। इस मामले में नोएडा विकास प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक विनीत कुमार शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने अवैध कब्जे और निर्माण करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**चोरी-छुपे करा रहे निर्माण**

थाना सेक्टर 113 के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विनीत कुमार शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोरखा गांव के खसरा नंबर 204 पर स्थित जमीन, जो कि नोएडा प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहित और अधिसूचित है। कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि युसूफ और युनुस नामक व्यक्तियों द्वारा इस जमीन पर मिट्टी का भराव कर दुकान बनाने का कार्य किया जा रहा है। प्राधिकरण ने पहले भी इनके कार्य को रोका था, लेकिन आरोप है कि ये लोग चोरी-छुपे निर्माण कार्य जारी रखे हुए हैं।

**अब होगी सख्त कार्रवाई**

प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध निर्माण और कब्जे को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने नोएडा प्राधिकरण की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों को लेकर चिंता बढ़ा दी है, और ऐसे मामलों पर निगरानी और कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है।

## हापुड़ में लाखों का बिल देख दो किसानों के उड़े होश

**हापुड़।** जिले में किसान के दो नलकूपों का बिजली बिल 20 लाख से ज्यादा का आ गया, बिल देख किसान को चक्कर आ और उनकी तबीयत बिगड़ गई। उसको अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के ज्यादातर किसानों के बिजली बिल मोटी धनराशि के आ रहे हैं। इसको लेकर किसान संगठनों में रोष है। किसानों ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना देने का एलान किया है। गांव ददायरा के रहने वाले मुखिया हुकम सिंह किसान हैं और उनके दो नलकूप है। उनका कहना है वह अपने नलकूपों का बिल हर महीने जमा कराते हैं। अब उनके दोनों नलकूपों के बिल पहुंचे, बिल देख उनके होश उड़ गए। उनके नलकूप का बिजली का बिल 20 लाख 50 हजार 657 रुपये का पहुंचा, जिसे देख उन्हें चक्कर आ गए। परिवार के लोगों ने उनको स्थानीय डॉक्टर को दिखाया, जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। वहीं गांव जरौठी के किसान टीकम सिंह भी अपना बिजली बिल हर महीने जमा कराते हैं। उनके पास भी बिजली का बिल पहुंचा। बिल की धनराशि 7 लाख 75 हजार 307 रुपये थे। आरोप है इसी तरह गांव के कई लोगों के बिजली बिल अंधाधुंध धनराशि के पहुंचे है।




## अब नहीं दिखती चेकिंग की चौकसी

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद से बीते कुछ दिनों में देखा गया है की चेकिंग को लेकर जो पुलिस माहौल और चौकसी वाला सीन दिखाई देता था, अब वह नजर नहीं आ रहा है। बीते दिनों 15 अगस्त और कृष्ण जन्माष्टमी का बड़ा आयोजन हुआ। इस दौरान भी चेकिंग का कोई खास फोकस सीन नहीं दिखा है। हालांकि रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की चौकसी की तस्वीरें जारी हुई लेकिन सिविल पुलिस द्वारा जो हर साल बंदोबस्त होते थे ऐसा नहीं देखने को मिला। वही सिटी वाले साहब द्वारा यहां ज्वाइन करने के बाद थाना प्रभारियों को 2 से 5 के चेकिंग अभियान का निर्देश दिया था, यह अभियान पुलिस के व्हाट्सएप ग्रुप और इंटरनल ग्रुप पर देखने को मिलता है लेकिन इसका पब्लिक और सोशल मीडिया पर कोई संदेश नहीं जा रहा है। आलम यह है कि सिटी की दो बड़ी लूट के साथ ही ट्रांस हिंडन और देहात की कई लूट अभी पेंडिंग चल रही हैं। इसके साथ ही गाजियाबाद सिटी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला राजनगर डिस्टिक सेंटर वह इलाका है, जहां पुलिस की गश्त का सबसे बड़ा संदेश दिया जाता था। वहां पर भी लंबे समय से पुलिस के अधिकारियों की फुट पेट्रोलिंग वाला सीन देखने को नहीं मिला है। हालांकि थाने और चौकी प्रभारी की फोटो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्विटर हैंडल पर नजर आ जाती हैं, पर पब्लिक में चेकिंग वाला वह संदेश नहीं जा रहा है। इसी के साथ रात के समय चलने वाला कार में बार वाला अभियान भी आखरी बार कब अमल में लाया गया था, अधिकारी इसकी जानकारी नहीं दे पाते हैं। आलम यह है कि वर्तमान में सिटी से लेकर देहात तक के क्षेत्र में 10 बजे के बाद भी सुविधा शुल्क देकर व्यवस्था उपलब्ध हो जा रही है। कई स्थान तो ऐसे हैं जो लाइन और कार्यालय के समीप होने के बावजूद भी वहां यह काम आसानी से हो रहे हैं। उधर देहात वाले और सिटी वाले साहब अपनी पहचान सोशल मीडिया और सोशली प्रदर्शित भी नहीं कर पा रहे हैं। कोई अधिकारी परीक्षा में बिजी है, तो कोई भगवा नेताओं को सहेजने में लगा हुआ। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आंकड़ों में क्राइम का ग्राफ बेहद सुधार वाला है, तो हकीकत क्या है यह सर्किल के ऑफिसर्स भी जानते हैं। कुल मिलाकर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चेकिंग की चौकसी देखने को नहीं मिल रही है, जो कमिश्नरी सिस्टम से पहले देखी जाती थी। इसका फायदा यह होता था की बड़ी संख्या में पुलिस को चेकिंग में सफलता मिलती थी, अब चेकिंग की सफलता का रेशियो भी कम हुआ बताया जा रहा है।



## बदमाशों ने आठ मिनट में वारदात को दिया अंजाम, पुलिस को चकमा देकर हुए फरार



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बदमाश इतने निडर और शक्तिशाली हो गए है कि उनके लिए लूट तो छोड़ दीजिए डकैती मामूली बात हो गई है। बुधवार की रात गोलगप्पे खाने गए एक परिवार के घर बदमाशों ने धावा बोल दिया। मामला इकोटेक-3 थाना क्षेत्र का है, जहां हथियारों के बल पर लूटपाट की घटना सामने आई। बता दें कि यह घटना सेक्टर-143 के नजदीक इकोटेक-3 इलाके के डूब क्षेत्र में स्थित सरस्वती एनक्लेव की है। पुलिस ने सूचना के आधार पर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, लूटपाट के बाद बदमाश मौके के से फरार हो गए हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना उस समय हुई, जब वह और उनका परिवार गोलगप्पे खाने बाहर गए हुए थे। मकान के निचले हिस्से में रहने वाले किरायेदार मौजूद थे। तीन बदमाश घर में घुसे और एक बाहर निगरानी करता रहा। लुटेरों ने घर से 10,000 रुपये कैश, कुछ आभूषण और किरायेदार की एक गुल्लक से 200-300 रुपये लूट लिए। वापस लौटने पर परिवार ने देखा कि उनके घर का गेट खुला हुआ था। जैसे ही पीड़ित परिवार घर के अंदर पहुंचा, आधा दर्जन बदमाश बंदूक और चाकू के साथ उन पर हमला करने के लिए तैयार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, बदमाशों ने इस पूरी घटना को आठ मिनट के अंदर अंजाम दिया है। पुलिस के आने से पहले सातों लोग फरार हो गए। तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन इस मामले में एडिशनल डीसीपी (सेंट्रल नोएडा) हृदेश कठेरिया ने बताया कि पुलिस बल सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और कुछ महत्वपूर्ण सबूत भी मिले हैं. उन्होंने कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सात टीमों का गठन किया गया है और जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## कृषि मेले में किसानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कृषि की नवीन तकनीक पर हुई चर्चा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ काप रेज्ड्यू' के योजनान्तर्गत फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता कार्यक्रम एवं 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन)' योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय खरीफ (तिलहन) मेला का आयोजन राजीव त्यागी, ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मुरादनगर के परिसर में किया गया। सर्वप्रथम राम जतन मिश्र, उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद ने फसल अवशेष को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों एवं फसल अवशेष को नवीनतम कृषि यंत्रों के माध्यम से मिट्टी में मिलाने से होने वाले लाभों के प्रति कृषकों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही खरीफ सत्र में तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। एसपी पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपलान विभाग में चलायी जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। डा. सीपी गुप्ता, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरादनगर ने फसल अवशेष प्रबन्धन पर कृषकों को जानकारी दी गयी। कृषकों से अपील की गयी कि वे फसल अवशेष को नवीनतम कृषि यन्त्रों के माध्यम से मिट्टी में मिलाये। डा. पल्लवी चौधरी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरादनगर तिलहनी फसलों को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कृषकों को दी। डा. प्रमोद कुमार, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, मुरादनगर ने कृषकों को जैविका खेती के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की। राजीव त्यागी, ब्लॉक प्रमुख ने कृषकों से कहा कि इस तरह की गोष्ठियों का आयोजन कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जाता है ताकि शासन की मंशा के अनुरूप कृषकों की आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में जिला अग्रणी प्रबन्धक, केनरा बैंक, खण्ड विकास अधिकारी मुरादनगर, जिला कृषि अधिकारी, गाजियाबाद आदि अधिकारियों ने हिस्सा लिया। मेले में विभिन्न विभागों ने 14 स्टॉल भी लगाये। मेले में लगभग 260 कृषकों ने हिस्सा लिया। अन्त में जिला कृषि अधिकारी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं किसानों का धन्यवाद करते हुए गोष्ठी समापन की घोषणा की।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय ने अपने नए छात्रों के लिए पहला ओरिएंटेशन कार्यक्रम बड़े उत्साह और गर्मजोशी के साथ आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक डॉ. वैशाली अग्रवाल, महानिदेशक डॉ. वी. के. जैन, कुलपति डॉ. डी. के. शर्मा, और प्रति कुलपति डॉ. एन. के. शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने नए छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उनके शैक्षणिक प्रयासों में पूरी तरह से सहयोग करेगा। प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल ने छात्रों के व्यक्तिगत उन्नयन और विकास के महत्व पर जोर दिया। कुलपति डॉ. डी. के. शर्मा ने छात्रों के कर्तव्यों और नियमित कक्षाओं में उपस्थिति के महत्व पर चर्चा की। प्रति कुलपति डॉ. एन. के. शर्मा ने करियर निर्माण और संबंध निर्माण के महत्व पर छात्रों को मार्गदर्शन दिया। महानिदेशक डॉ. वी. के. जैन, डॉ. निर्दोष अग्रवाल, वक्ता वेद प्रकाश, डीन डॉ. अनिल त्यागी, रजिस्ट्रार विनोद कुमार और परीक्षा नियंत्रक डा. एमके जैन सभी ने विश्वविद्यालय के नये पाठ्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद छात्रों को व्यक्तिगत विकास के अगले सत्र में भेजा गया। इस पूरे आयोजन की सफलता मे मिस रंजना शर्मा, पूजा चौधरी, मिस अलका बंसल, डॉ. शबनम जैदी, डॉ धर्मेन्द्र, डा पूजा अरोडा, सी एन सिन्हा, डा. नवनीत शर्मा, डा. वरुण त्यागी, डा. उमेश कुमार सिंह, डा. हरीश तलुजा, डा. एकलव्य सिंह, डा. विरेन्द्र सिंह, मि. गौरव शर्मा, डा. शिवा गर्ग, मि. मिराज वरिशा, मि. शैलेन्द्र सोनी, मि. राजकुमार, मि. सचिन कौशिक, मि. रवि शंकर श्रीवास्तव, मि. के पी सिंह, मिस हर्षिता गुप्ता, डा. रूपांजलि, मिस रशमी त्यागी व अतुल भूषण का विशेष सहयोग रहा।

## हापुड़ में पुलिस और गोकशों के बीच मुठभेड़, दो अपराधी गिरफ्तार



**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस की गोकशी करने जा रहे बदमाशों से देर रात मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने दो गोकशों को गिरफ्तार किया है, इन गोकशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान एक गोकश के पैर में गोली लग गई। पुलिस के मुताबिक दो दिन पूर्व हुई गोकशी की घटना को इन आरोपियों ने अंजाम दिया था। गढ़मुक्तेश्वर सर्किल के डीएसपी आशुतोष शिवम ने बताया सिंभावली पुलिस संदिग्ध आरोपियों के खिलाफ बड्डा नहर पुल पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान बाइक पर दो युवक बक्सर रेगुलेटर की तरफ से आते नजर आए, पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगे, पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अपराधी के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर नीचे गिर पड़ा जबकि दूसरा आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने अपना नाम शौकीन (घायल) और जावेद बताया है। डीएसपी ने बताया आरोपियों पर दर्जनभर आपराधिक मुकदमे दर्ज है। आरोपियों से हुई पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया है, कि दो दिन पूर्व सिंभावली थाना क्षेत्र के सिंघनपुर में हुई गोकशी की घटना को इन अपराधियों ने ही अंजाम दिया था। इनके कब्जे से तमंचा, कारतूस, एक बाइक और पशु कटान करने के उपकरण बरामद हुए है।



# पाक राजनीति में महिला प्रत्याशी 5% भी नहीं

## राजनीतिक दलों की मंशा पर चुनाव आयोग सख्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग ने आठ फरवरी को देश में हुए आम चुनावों में पांच फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी न बनाने पर राजनीतिक दलों को तलब किया है। आयोग ने चार सितंबर को राजनीतिक दलों के नेताओं को पेश होकर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने कानून का पालन न करने पर जमात-ए-इस्लामी (जेआई), अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी), बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी), तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) समेत 10 अन्य पार्टियों के प्रमुखों को नोटिस जारी किया है।

पाकिस्तान में चुनाव अधिनियम की धारा 206 के तहत आम चुनाव और प्रांतीय विधानसभा चुनावों में सामान्य सीटों पर कम से कम पांच फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी बनाना राजनीतिक दलों के लिए जरूरी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आयोग ने इस मुद्दे को लेकर पार्टी के नेताओं को चार सितंबर को पेश होने के लिए कहा है। आठ फरवरी को देश में हुए चुनावों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने नेशनल असेंबली की 265 सीटों में से 93 पर जीत हासिल की थी। जबकि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने 75 सीटें और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 54 सीटों पर जीत प्राप्त की। बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी और अन्य छोटी पार्टियों के साथ गठबंधन सरकार बनाकर चार मार्च को शहबाज शरीफ ने दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इस गठबंधन में पीपीपी के अलावा मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम-पी), पाकिस्तान मुस्लिम लीग (क्यू), बलूचिस्तान अवामी पार्टी, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (जेड), इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी शामिल रही।

> **पाक में चुनाव अधिनियम की धारा 206 के तहत पांच फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी बनाना अनिवार्य**

### आरक्षित सीटों को लेकर हुआ था विवाद

इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में चुनाव चिन्ह पर नहीं लड़ सकी थी क्योंकि चुनाव आयोग ने पार्टी का चुनाव चिन्ह खारिज कर दिया था। जिसके बाद पीटीआई महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों पर दावा नहीं कर सकी, जो आनुपातिक प्रतिनिधित्व के आधार पर राजनीतिक पार्टियों को दी जाती हैं। ऐसे में आरक्षित सीटों पर दावे के लिए पीटीआई समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवार सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल में शामिल हो गए थे। इसके बाद सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने आरक्षित सीटों पर दावा किया, लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के दावे को खारिज कर दिया।

# पाकिस्तान में भुखमरी : 41% महिलाएं एनीमिया से पीड़ित, प्रसव से मर रही औरतें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एनीमिया पीड़ित महिलाओं में से 14.4% का वजन कम है और 24% का अधिक। मातृ पोषण इतना अपर्याप्त है कि 1 लाख जीवित प्रसव में से 186 महिलाएं मर जाती हैं।

यानी जो देश आने वाली पीढ़ी के लिए महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रहा वह पड़ोसी देशों से कई साल तक जंग का ख्याल पाले बैठा है। डॉन अखबार की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में घटिया स्तनपान के कारण हर साल स्तन और डिम्बग्रंथि के कैंसर से 2,000 और टाइप टू मधुमेह से 1,100 मातृ मृत्यु होती हैं। पाकिस्तान में हर साल कम वजन के जन्म के 14 लाख केस भी सामने आते हैं।

इससे पहले, पाकिस्तान नेशनल क्लस्टर की रिपोर्टों ने गंभीर कुपोषण संकट को उजागर किया है, जो लाखों पाकिस्तानियों, विशेष रूप से बच्चों की पोषण स्थिति की भयावह तस्वीर पेश करता है। रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि पाकिस्तान अपने इतिहास में कुपोषण की सबसे अधिक दरों का सामना कर रहा है, जो आर्थिक कठिनाई, खाद्य असुरक्षा, सीमित स्वास्थ्य देखभाल और जलवायु और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे कारकों से प्रेरित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में स्थिति काफी गंभीर है।





## पाकिस्तान में कुपोषण की स्थिति बेहद गंभीर स्तर पर

### अरबों डॉलर का आर्थिक बोझ

पाकिस्तान में अपर्याप्त स्तनपान के कारण 28 अरब डॉलर का आर्थिक बोझ पड़ता है। यह डायरिया के 69 लाख मामलों, बचपन में मोटापे के 19,000 मामलों, डायरिया और निमोनिया से 30,525 बच्चों की मौत और स्तन व डिम्बग्रंथि के कैंसर तथा टाइप टू मधुमेह से 3,196 माताओं की मृत्यु के कारण होता है।

**एनीमिया मामलों में चौथा स्थान :** रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में हर साल गर्भवती माताओं में एनीमिया के 9,18,154 मामले आते हैं। आठ दक्षिण एशियाई देशों में महिलाओं में एनीमिया के मामले में यह देश चौथे स्थान पर है और 201 देशों में वैश्विक स्तर पर 35वें स्थान पर। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान को कुपोषण के कारण सालाना 17 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

# पंजाब प्रांत में सांप्रदायिक हिंसा में दो शिया लोगों की मौत, इलाके में अर्धसैनिक बल तैनात

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सांप्रदायिक झड़प में कम से कम दो शिया लोगों की मौत हो गई। जबकि तीस से ज्यादा घायल हो गए। जिससे अधिकारियों को इलाके में अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

शिया और सुन्नी समुदायों के बीच सांप्रदायिक झड़प पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले के कालाबाग शहर में हुई। यह हिंसा सोमवार शाम शुरू हुई और मंगलवार रात तक चलती रही। पुलिस के मुताबिक, इस झड़प में दो शिया लोगों की मौत हो गई और तीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए अरद्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।



दोनों समुदायों के बीच तनाव उस समय बढ़ा, जब शिया समुदाय ने इमाम हुसैन के चेहल्लुम के मौके पर एक जुलूस निकालने की योजना बनाई। इस जुलूस को एक विशेष मार्ग पर ले जाने का सुन्नी समुदाय ने विरोध किया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुन्नी समुदाय ने आपत्ति जताई थी कि शिया समुदाय को ऐसे मार्ग पर जुलूस निकालने की अनुमति न दी जाए, जहां उनकी मस्जिदें हैं। हालांकि, शिया समुदाय किसी पाबंदी की परवाह किए बिना जुलूस निकालने पर अड़ गया।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिया समुदाय विवादित मार्ग पर जुलूस निकालने पर अड़ा रहा, जिससे सांप्रदायिक झड़प शुरू हुई। सोमवार शाम शुरू हुई झड़पें मंगलवार रात तक जारी रही। झड़प में 33 लोग गोलियों से घायल हुए, जिनमें से दो शिया पुरुषों की मौत हो गई। जबकि चार की हालत गंभीर है। स्थिति पर काबू पाने के लिए अर्धसैनिक बल तैनात किया गया है।

अधिकारी ने कहा कि सुन्नी पुरुषों ने शिया जुलूस पर गोलीबारी की, जिससे हथियारबंद झड़प शुरू हुई। हिंसा में घायल अधिकांश शिया समुदाय के हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रतिबंधित लश्कर-ए-झंगवी के लोग इस घटना में शामिल हो सकते हैं।

# बांग्लादेश : सुनार हत्या मामले में पूर्व स्पीकर और पूर्व वाणिज्य मंत्री गिरफ्तार

**ढाका :** बांग्लादेश में नई अंतरिम सरकार बनने के बाद से लगातार सख्ती जारी है। यहां की पूर्व स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी और पूर्व वाणिज्य मंत्री टीपू मुंशी पर अब शिकंजा कसा गया है। इन्हें हाल ही में आरक्षण को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान एक सुनार की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है।



रैपिड एक्शन बटालियन ने ढाका के गुलशन से 74 साल के मुंशी को रंगपुर में दर्ज हत्या के मामले में बुधवार रात गिरफ्तार किया।

**17 लोगों के खिलाफ केस दर्ज :** बता दें, 38 वर्षीय सुनार मुस्लिम उद्दीन मिलन की हत्या के आरोप में मुंशी और पूर्व स्पीकर चौधरी सहित 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, मामले में कई अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। 46 साल की चौधरी ने अप्रैल 2013 से अगस्त 2024 तक बांग्लादेश जातीय संसद की पहली महिला स्पीकर के रूप में काम किया।

**यह है पूरा मामला :** मीडिया रिपोर्ट अनुसार, मिलन की 19 जुलाई को रंगपुर में उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जब सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्र आंदोलन कर रहे थे।

# चीन के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता दोषी, अदालत ने सुनाई मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन के सबसे बड़े भ्रष्टाचार मामले में कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता दोषी पाए गए हैं। उन्होंने 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन किया है। मामले में इनर मंगोलिया की एक अदालत ने पूर्व नेता ली जियानपिंग को मौत की सजा सुनाई। चीनी समाचार पोर्टल कैक्सिन ग्लोबल की रिपोर्ट के मुताबिक ली जियानपिंग को इनर मंगोलिया की अदालत ने भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, गबन और संगठित अपराध का दोषी माना। उन्होंने 42 करोड़ अमेरिकी डॉलर का गबन किया था, जो चीन के इतिहास में सबसे बड़ा गबन था। अदालत के फैसले के खिलाफ ली जियानपिंग ने हायर पीपुल्स कोर्ट में अपील की थी।

अदालत ने कहा कि अब फैसले को अंतिम परीक्षण और अनुमोदन के लिए सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा। अदालत ने ली जियानपिंग को द्वेष, गंभीर सामाजिक प्रभाव और अपराधों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए दोषी माना। बताया गया कि 64 वर्षीय ली कुछ साल पहले तक होहोट में एक विशेष आर्थिक क्षेत्र और शहर के जल प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख थे।



वह चीनी नौकरशाही में एक मध्य स्तर के स्थानीय अधिकारी थे। उनके भ्रष्ट आचरण और अभियोजन बड़े पैमाने पर जनता के राडार पर थे। 2018 के अंत तक उनके खिलाफ शिकायतें सामने आने लगी थीं। जब शिकायतों की जांच शुरू की गई तो बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया। ली ने 2001 से कम्युनिस्ट पार्टी प्रमुख, होहोट जल प्राधिकरण के निदेशक और एक दशक बाद होहोट आर्थिक और तकनीकी विकास क्षेत्र की पार्टी कार्य समिति के सचिव के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निर्माण परियोजनाओं और व्यावसायिक अनुबंधों से लाभ के बदले में 578 मिलियन युआन (लगभग 8.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर) इकट्ठे किए थे। उसने एक आपराधिक सिंडिकेट के नेता के साथ भी करीबी संपर्क बनाए रखा और संगठन की अवैध गतिविधियों को नजरअंदाज किया।

वह भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा पाने वाले तीसरे नेता हैं। इससे पहले 2007 में चीन हुआरोंग एसेट मैनेजमेंट कंपनी के पूर्व अध्यक्ष लाई जियाओमिन और शांक्सी प्रांत में लुलियांग के पूर्व उप महापौर झांग झोंगशेंग को मौत की सजा सुनाई थी।

# एलन मस्क फिर मुश्किल में, समुद्र में उतरते ही लगी फाल्कन-9 में आग

**वाशिंगटन।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के दिन शायद अच्छे नहीं चल रहे हैं। पहले, स्पेसवॉक वाले पोलारिस डॉन मिशन को टालना पड़ा। वहीं, अब



बूस्टर रॉकेट के बुधवार को आग की चपेट में आने के बाद कंपनी के प्रक्षेपण रोक दिए गए हैं। अमेरिका के संघीय विमानन प्रशासन ने यह जानकारी दी।

**फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोका :** फ्लोरिडा तट पर तड़के हुई दुर्घटना के बाद कंपनी के फाल्कन 9 रॉकेट को उड़ान भरने से रोक दिया और जांच के आदेश दिए। इस दौरान जान-माल का नुकसान होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अभी यह नहीं बताया जा सकता कि स्पेसएक्स की आगामी ह्यक्रू' उड़ानों पर इसका कितना असर होगा।

बूस्टर रॉकेट ने ह्यकेप कैनवरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से उड़ान भरी और सभी 21 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को कक्षा में पहुंचा दिया। मगर बूस्टर में समुद्र में उतरने के कुछ ही क्षणों बाद आग लग गई। यह पिछले कई वर्षों में हुई पहली ऐसी दुर्घटना है।

इस विशेष बूस्टर ने 23वीं बार उड़ान भरी थी जो स्पेसएक्स के लिए एक रिकॉर्ड है। एफएए ने कहा कि दुर्घटना के संबंध में कंपनी के निष्कर्षों और सुधारात्मक कार्रवाई को उसे स्वीकृत करना होगा। इसके बाद ही स्पेसएक्स को ह्यफाल्कन 9' के प्रक्षेपण की मंजूरी मिल सकेगी। खैर, फाल्कन 9 को रोकने का एफएए का फैसला महत्वपूर्ण भी है, क्योंकि रॉकेट नासा सहित विभिन्न संगठनों के लिए उपग्रहों और चालक दल के सदस्यों दोनों को अंतरिक्ष में लॉन्च करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# ब्राजील की शीर्ष कोर्ट एलन मस्क पर सख्त, कहा- कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करें, वरना 'एक्स' पर रोक लगा देंगे

**ब्रासिलिया।** ब्राजील की शीर्ष अदालत दिग्गज कारोबारी एलन मस्क पर सख्त हो गई है। दरअसल, कोर्ट ने सोशल मीडिया मंच एक्स के लिए एक कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करने को कहा है। साथ ही ऐसा न करने पर देशभर में एक्स को बैन करने की धमकी दी है।

### 24 घंटे का दिया समय

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा कर कहा, 'शीर्ष अदालत के जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने बुधवार रात को मस्क और उनके सोशल मीडिया मंच एक्स को एक समन जारी किया है। उन्हें 24 घंटे के भीतर ब्राजील में कंपनी के नए कानूनी प्रतिनिधि को नियुक्त करने कहा है।'

अदालत ने चेतावनी दी कि आदेश का पालन नहीं करने पर ब्राजील में सोशल नेटवर्क के संचालन को प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

**यह है मामला :** गौरतलब है, मस्क के खिलाफ न्याय में बाधा डालने, आपराधिक संगठन और अपराध के लिए उकसाने के आरोपों को लेकर जांच चल रही है। इस साल की शुरूआत में जज एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने एक्स के कुछ अकाउंट को गलत सूचना और नफरत भरे संदेश फैलाने के आरोप में ब्लॉक करने का आदेश दिया था। इसमें ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनारो के समर्थकों से संबंधित कुछ खाते भी शामिल थे।



### मस्क का फूटा था गुस्सा

हालांकि, एलन मस्क की कंपनी एक्स ने हाल ही में ब्राजील में अपना संचालन तुरंत बंद करने की घोषणा की थी। कंपनी का कहना था कि यह कदम उसके कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने आरोप लगाया था कि एक ब्राजीलियाई जज ने उसके एक कानूनी प्रतिनिधि को मंच से कुछ सामग्री हटाने के कानूनी आदेशों का पालन नहीं करने पर जेल भेजने की धमकी दी थी। हालांकि, कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक्स की सेवाएं देश में जारी रहेंगी। एक्स ने कहा था, 'कल रात, एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने धमकी दी कि अगर हम ब्राजील में हमारे कानूनी प्रतिनिधि को दिए गए सेंसरशिप आदेशों का पालन नहीं करते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जापान में तूफान 'शानशान' ने मचाया कोहराम, तीन की मौत







## कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश, ढाई लाख लोग बिना बिजली के रह रहे

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू पर तूफान 'शानशान' ने दस्तक दे दी है। इसके कारण भारी बारिश और तेज हवाएं चल रही हैं। वहीं, घरों की छतें उड़ गईं, खिड़कियां टूट गईं और जगह-जगह पेड़ गिरे हुए नजर आए। वहीं, अधिकारियों ने हजारों लोगों को जगह खाली करने की सलाह दी।

**करीब आठ बजे आया तूफान :** मौसम विभाग ने बताया कि शक्तिशाली तूफान सुबह करीब आठ बजे टकराया। यह 252 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा था। वहीं, कागोशिमा प्रान्त के अधिकांश हिस्सों में विशेष तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इसके कारण सार्वजनिक परिवहन संचालकों ने रेलगाड़ियां और उड़ानें रद्द कर दी गई है। तूफान उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है।

क्यूशू के बिजली विभाग ने बताया कि 2,54,610 घरों में बिजली गुल है। जापान मौसम विज्ञान कार्यालय ने कहा कि कागोशिमा में खतरनाक तूफान और ऊंची लहरों की विशेष चेतावनी जारी की जा रही है। तूफान, तेज हवा और ऊंची लहरों के साथ-साथ भूस्खलन, निचले इलाकों में बाढ़ और दक्षिणी क्यूशू में उफनती नदियों को देखते हुए अधिक सतर्कता बरतें।



मौसम विभाग ने आगे कहा कि कृपया यह भी सलाह दी जाती है कि शुक्रवार के पास आते ही पश्चिमी जापान में भारी बारिश के कारण आपदा का खतरा तेजी से बढ़ सकता है। तूफान शानशान के कारण मंगलवार से जापान के बड़े हिस्सों में भारी बारिश हो रही है।

**तीन की मौत :** स्थानीय सरकारी अधिकारियों ने बताया कि मध्य आइची प्रांत के गामागोरी शहर में भूस्खलन से एक घर के ढह जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 70 साल का एक दंपती और 30 साल का एक बेटा शामिल है। वहीं, 40 साल की दो वयस्क बेटियां बच गईं। दक्षिणी क्यूशू के लिए मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह तक 48 घंटों में 1,100 मिलीमीटर (43 इंच) वर्षा की भविष्यवाणी की।

**मैं हैरान था... :** एक स्थानीय निवासी ने बताया, 'हमारे घर की छत पूरी तरह उड़ गई। हालांकि, जब यह हुआ तब मैं घर पर नहीं था, लेकिन मेरे बच्चों ने बताया कि उन्होंने भूकंप की तरह तेज झटके महसूस किए थे। मैं हैरान था। यह पूरी तरह से हमारी कल्पना से परे था।'

वाहन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टोयोटा ने जापान में अपने सभी 14 कारखानों में उत्पादन बंद कर दिया है।

# अफगानिस्तान में 5.7 तीव्रता का आया भूकंप

## भारत तक महसूस किए गए झटके




**काबुल।** अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.7 दर्ज की गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप के झटके सुबह 11 बजकर 26 मिनट पर महसूस किए गए। इसका केंद्र जमीन से 255 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इसे भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। इससे पहले 16 अगस्त को अफगानिस्तान में रिक्टर पैमाने पर 4.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

### क्यों आता है भूकंप?

पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है।




# सिख समाज ने जताया इमरजेंसी फिल्म के प्रसारण पर विरोध

## प्रधानमंत्री को लिखा पत्र और कहा फिल्म दिखाने पर लगायी जाये रोक



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिख समाज के लोगों ने पत्र लिखकर इमरजेंसी फिल्म पर रोक लगाने की मांग की है। श्रीगुरू सिंह सभा गुरूद्वारा रेलवे रोड, बजरिया के प्रधान इन्द्रजीत सिंह टीटू गुरूद्वारा श्रीगुरू सिंह सभा के महामंत्री एसपी सिंह ऑबरॉय ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने मांग की है कि फिल्म एक्टर और सांसद कंगना रनौत इंमरजेंसी फिल्म की प्रोड्यूसर भी हैं। विभिन्न सूत्रों से ये बात सामने आई है कि इस फिल्म में कुछ सीन ऐसे हैं जिनसे सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। 1984 का दुर्भायपूर्ण हादसा देश मे हुआ लेकिन समाज उस हादसे को भूलकर आगे बढ चुका है। इस फिल्म में पुराने जख्मों को फिर से दिखाया जा रहा है। यह ठीक नहीं है। सिख समाज ने ये मांग की है कि प्रधानमंत्री द्वारा गाजियाबाद में किसी भी सिनेमा हॉल में इस फिल्म को दिखाने पर रोक लगे। सेंसर बोर्ड को भी निर्देशित किया जाये। सिख समाज के नेताओं का कहना है कि ऐसा करने से समाज में भाईचारा कायम रहेगा।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की बधाई




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और जिले का सबसे बड़ा चेहरा हैं और देश की सबसे बड़ी पंचायत में वो गाजियाबाद की आवाज हैं। वो लोकसभा सांसद हैं। जन्मदिन पर बधाई का सिलसिला चलता है और इस बार वैसे भी लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा नेता विजय मोहन के पुत्र का निधन हो जाने के बाद शोक व्यक्त करते हुए जन्मदिन के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिये थे। अतुल गर्ग के जन्मदिन पर महामहीम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने उन्हें पत्र भेजकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के कविनगर स्थित आवास पर पत्र भेजकर उनको जन्मदिवस की बधाई देते हुए लिखा है कि ईश्वर आपको स्वस्थ और प्रसन्न रखे और आने वाले कई वर्षों तक आप राष्ट्र की अनवरत एवं निष्ठापूर्वक सेवा करते रहें।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा की बाईपास सर्जरी रही सफल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा के निवास पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने पहुंच कर स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। साथ में जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल महानगर महामंत्री मनवीर नागर, सुनील चाचा, अखिल गोयल, दादरी से मुकेश उपस्थित रहे। अभी कुछ दिन पहले ही महानगर अध्यक्ष सुबह छाबड़ा की बाईपास सर्जरी हुई थी।



## कोलकाता कांड पर चुप्पी साधे है विपक्ष : ललित कश्यप



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम पार्षद ललित कश्यप ने कोलकाता कांड पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जो कोलकाता कांड हुआ है उसकी जिम्मेदार ममता सरकार है। ममता दीदी की अपने प्रदेश में तानाशाही चल रही है। वह इस मुद्दे से पूरी तरह बचना चाहती हैं क्योंकि इस अपराध में उनके अपने ही कुछ लोग शामिल हैं। अपने लोगों को बचाने के लिए वह निर्ममता और बर्बरता की सारी हदें पार कर रही हैं जिससे बंगाल की जनता बेहद परेशान है। इस कांड पर ना राहुल बोल रहे हैं ना अखिलेश बोल रहे हैं। विपक्ष की सोच बहुत ही निंदनीय है। विपक्ष दलगत राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहा है। सब उन्हीं की मिलीभगत से यह कांड हुआ है जिसकी जिम्मेदार सिर्फ और सिर्फ वहां की सरकार है। महिलाओं को सम्मान केवल मोदी और योगी के राज में ही मिल सकता है जो हिंदुत्व के लिए पूरी तरह से लड़ाई लड़ रहे हैं। गाजियाबाद की जनता भी ऐसे समय में महिलाओं के सम्मान के लिए सदैव खड़ी हुई है।

## कोलकाता कांड की दोषी ममता सरकार : बॉबी त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर उपाध्यक्ष बॉबी त्यागी ने कहा कि जो कोलकाता की घटना हुई है, उसमें मुख्य रूप से प्रदेश सरकार ही दोषी है। यह घटना समाज के लिए एक बहुत ही संवेदनशील घटना है। बंगाल राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लग जाना चाहिए।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



Sanjeev Gupta is with Sanjeev Gupta Fan Club and 6 others
42m ·

Happy birthday मेरे प्रिय और लाडले तुषार बेटे को आज जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। तुम हमेशा खुश रहो, स्वस्थ रहो, तुम्हारे जीवन की खुशहाली और सफलता के जो भी तुम्हारी आवश्यकता हो, माता रानी उन सभी कामयाबी को तुम्हारी झोली में भर दे। और पूरे परिवार का विशेष लाड प्यार तुम्हारे जीवन में हमेशा बना रहे। आज आशिर्वाद के रूप में तुम्हे यही देना चाहता हूँ कि माता पिता की सेवा और पूरे परिवार का सम्मान और समाज में एक अच्छा व्यक्ति बनने की प्रेरणा और उत्तम संस्कारों से माता रानी हमेशा आपकी झोली भरी रखें।
पुनः बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं लाडले बेटे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता के लिए सबसे गौरवमई पल होता है जब उनका पुत्र सफलता की राह पर अग्रसर हो। समरकूल ग्रुप चैयरमैन संजीव गुप्ता ने अपने प्रिय लाडले बेटे तुषार को उनके जन्मदिन पर आशीर्वाद दिया। माता रानी से प्रार्थना की कि वो हमेशा माता पिता की सेवा करे, पूरे परिवार का सम्मान करे। पिता के मन के भाव को अपने पुत्र के जन्मदिन पर शब्दों से अलंकृत करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।







▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूं अंदर की बात? रेखा पार के विधानसभा दावेदार के हैं तीन तरह के जज्बात? पहले जज्बात में हैं उनके विधानसभा का चुनाव? बस ये समझ लो दो जज्बातों को पूरा करने की है ये नाव? इस नाव के रास्ते वो कर रहे है पॉस्को या नामित वाली व्यवस्था में जाने की तैयारी? चाहे तो लिख लो हमारे इन शब्दों को, क्योंकि आने वाले कल में बात सच निकलेगी हमारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार नवयुग वाले राजीव भैया को नहीं करना पड़ेगा कार्यकारिणी में जाने के लिए ज्यादा जतन? हमें पता है कि उनका अब कार्यकारिणी में जाना बन गया है किसी बड़े चेहरे की प्रतिष्ठा का प्रश्न? ये चेहरे राजीव भैया को कार्यकारिणी में भेजकर दूसरे बड़े चेहरे को देना चाहते हैं स्पष्ट संदेश? हम नहीं चढ़ने देंगे आपकी रणनीति को परवान? अब हर हाल में होगी शर्मा जी की कार्यकारिणी में एन्ट्री, इस बात का कर लो आप ध्यान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर को देना चाहिए इस प्रश्न पर ध्यान? धीरे धीरे बदल रहे हैं अपने खास साथियों के अरमान? हमें पता चला है एक विधायक हल्का फुल्का सा आ गये हैं पंजाबी चेहरे के साथ? कर रहे हैं वो कुछ जगहों पर उनके पक्ष में बात? वैसे इन विधायक जी का पंजाबी चेहरे से कोई खास लगाव नहीं है? मगर विधायक जी के जहन में है अपने भविष्य के चुनाव का हिसाब-किताब? इसलिए सावन में जो लग रही है आग, उसे ये बुझाना चाहते हैं साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बता रहा हूं स्पष्ट? इस बार कोई त्यागी फेस बनेगा कार्यकारिणी उपाध्यक्ष? इस चेहरे को लेकर बन चुकी है पूरी तरह योजना? जो पहले गंभीरता से इनके लिए नहीं सोचते थे? उन्होंने कुछ परिस्थितियों को देखकर शुरू कर दिया है इनके लिए सोचना? उनकी ये सोच ही खोलेगी इनके लिए उपाध्यक्ष के द्वार? मामले में यहां पर भी गुणा-भाग है, नहीं है कोई विशेष वाला प्यार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के दावेदारों अब ज्यादा मत देखों चैनल? थोड़ा एक्टिव हो जाओ भाजपा कार्यालय पर जाने के लिए? सुना है जल्द बैठने वाली है कोर कमेटी की बैठक? जिसमें तैयार होना है नामित और जीडीए बोर्ड में जाने वाले चेहरों का पैनल? अगर हो गये लेट तो फिर बाद में मत कहना कि हम नहीं पढ़ पाये सवाल? नहीं मिला है कहीं और से भी कोई अपडेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के ओबीसी चेहरे जो आजकल कर रहे हैं पंजाबी चेहरे के नाम का गुणगान? हर जगह कह रहे हैं कि कुछ भी हो जाये टिकट इन्हीं का होगा श्रीमान? सुना है आज इस चेहरे ने बड़ा वाला बुके लेकर एमएलसी साहब को बधाई देने की कर ली है तैयारी? ऐसा करके ये ओबीसी चेहरे देंगे दो तरह के संदेश? पहला उनके एमएलसी साहब की तरह है पंजाबी चेहरे के प्रति भाव? दूसरा किसी एक जनप्रतिनिधि का नहीं है उन पर कोई प्रभाव? राजनीति में वो हैं स्वतंत्र, वो जिससे चाहे रखें ये उनका है लगाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पंजाबी फैक्टर पर आप भगवा सरदार जी की दावेदारी को कमजोर समझने की मत करो भूल? इन चेहरों ने भी सिख फैक्टर पर लगा दी है अपनी मजबूत फिल्डिंग? बाकी इनका व्यवहार बाकी चेहरों को करा देगा खुद के लिए कबूल? पार्टी में है इनकी वरिष्ठता का इतिहास? ये चेहरा आज तक है गैर विवाद? जब होगी ऊपर के चैनल में पैनल की चर्चा? तब उस चर्चा में ये नाम भी शामिल होगा साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की राजनीति में वर्तमान के साथ-साथ भविष्य की बातों पर भी होती है चर्चा? ऐसे ही हो रही थी भविष्य की बात? चर्चा में था भगवा कमांडर का विधानसभा वाला पर्चा? देने वाला दे रहा था तर्क? कहा रहा था अगर भगवा कमांडर लड़े विधानसभा का चुनाव? तो फिर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में गोपाल भैया या पप्पू भैया में से किसी को मिलेगा भाव? दोनों से ही है कमांडर का लगाव? दोनों का है भगवागढ़ में मजबूत दांव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कल्याणी ने सोशल मीडिया पर कुछ इस तरह किया विरोध शांत? संकेत दिया कि किसके कहने पर हो रही हैं विरोध वाली पोस्ट प्लांट? छोड़े उन्होंने अपने शब्दों के तीर? कहा हर विरोध वाली पोस्ट को एक पूर्व वाले शिद्दत से लाईक कर रहे हैं? सबको पता है उनका नाम? वो समझ रहे है वो कमांडर को आईस-पाईस कर रहे है? सुना है कल्याणी जी के शब्दों ने दिखा दिया है असर? अब कोई नहीं निकाल रहा फेसबुक पर कसर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुझे पता चला है फेसबुक पर पोस्ट डालने को लेकर लक्ष्मण के पास आया था तीन बार ठाकुर साहब का फोन? कहने वाले ने कहा मैं एकबार फोन आने की बात को तो मान सकता हूं? मगर तीन बार फोन आने का मामला है पूरी तरह रॉन्ग? यहां पर ये बात हमको बिल्कुल भी नहीं हो रही है हजम? तीन बार फोन आने वाली बात करके कोई बढ़ा रहा है सोच समझ कर अपना वजन?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।